सुविचार

जब आप फिक्र में होते है तो आप जलते है,
जब आप बेफिक्र होते है तो दुनिया जलती है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 101 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर,मंगलवार 7 नवंबर, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

# मोदी झूठों के सरदार हैं: ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई को प्रचार के लिए भेजते हैं: खड़गे



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत का स्वभाव पानी जैसा है। पानी का रंग क्या होता है? नीला मिलाओ, नीला होता है। गहलोत पानी की तरह सबको साथ लेकर चलने वाले नेता हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को झूठों का सरदार बताया। खड़गे दोपहर तीन बजे उम्मेद स्टेडियम में सीएम अशोक गहलोत के नामांकन के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसमें सीएम गहलोत के साथ जिले की अन्य विधानसभा सीटों के प्रत्याशी और उनके समर्थक कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उन्होंने कहा- केंद्र सरकार हमारे नेताओं को सताने का काम कर रही है। केंद्र सरकार और बीजेपी के लोग हमारे नेताओं को सताने का काम करते हैं। जो अच्छा काम करते हैं, उनको बीच में टांग मारने का काम मोदी सरकार या बीजेपी करती है। जो नौकरियां पंडित नेहरू ने तैयार की थी, वो मोदी सरकार एक-एक करके बेच रही है। अंबानी को बेच रही। फलाने को बेच रही। जो बड़े-बड़े कारखाने हमें दिख रहे हैं, वो आधुनिक मंदिर है। बीजेपी सरकार उन नौकरियों को छीन रही है।

**मोदी पहले ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई को प्रचार के लिए भेजते हैं:** तुम कुछ नया नहीं लाए। ये लोग नया लाए हैं तो ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई। ये तुम्हारे जवान है। वो प्रचार करने वाले हैं। मोदी पहले इन तीन एजेंसी को प्रचार के लिए भेजते हैं। फिर खुद भाषण करते हैं। कांग्रेस के लोगों पर आरोप लगाते हैं। देश को लूट रहे। देश को तो तुम लूटने वाले हो। कौनसा नया काम किया। राजस्थान में इतनी हरियाली नहीं थी। वो हरियाली क्या मोदी साहब लाए। जितने स्कूल और कॉलेज हैं। गहलोत का इंग्लिश मीडियम स्कूल बनाने का आइडिया क्या मोदी का है।

**खड़गे ने कहा- सिर्फ बातों से काम नहीं चलता:** 2014 में आपने कहा- अगर मेरी सरकार बनी तो देश के बाहर का कालाधन हिंदुस्तान वापस लाकर हर किसी की जेब में 15 लाख आएंगे। ये किसने कहा, मोदी ने कहा। आपके मुख्यमंत्री से पूछो उनके बजट में कुछ आया है। हर जगह मैं जाता हूं, नहीं दिया बोलते। एक प्रधानमंत्री झूठ नहीं बोलता तो ये 15 लाख वाली बात कहां गई। या तो आप लेने वाले झूठे हैं या ऐसा बोलने वाले। ऐसा झूठ बोलने की आदत है। 2 करोड़ नौकरी सालाना देने की बात करते हैं। मिली किसी को नौकरी। जो हैं वो भी छीन ले रहे। रेलवे, बैंक,स्कूल सब की तो छीन ले रहे। आप देंगे कहां से। अब तक तो 19 करोड़ नौकरी देनी थी। बीजेपी वालों से पूछो नौकरी नहीं मिली तो कौन झूठ बोले। अगर मैं कहूं मोदी झूठ बोलते हैं तो झूठों के सरदार हैं। अगर कहता हूं। मेरे को गलत कहते हैं। सिर्फ बातों से काम नहीं चलता है। पेट को रोटी चाहिए। हाथ को काम करने के लिए काम होना चाहिए। पढ़ने के लिए स्कूल होना चाहिए।

### मोदी घबरा गए हैं

अशोक गहलोत ने जो 10 प्रोग्राम बनाए। वो आपके सामने हैं। मोदी घबरा गए हैं। इतना घबरा गए हैं। मेरा क्या होगा। कर्नाटक, हिमाचल में हारे। लद्दाख के कॉरपोरेशन चुनाव में हारे। दो सीट मिली उन्हें। वे जरा घबरा गए। वो घबराहट में कुछ भी बोलते हैं। किसी को भी गालियां देते हैं। लोग खा रहे हैं। उन्होंने पहले वादा किया था, अहमदाबाद से मुंबई तक बुलेट ट्रेन। कहां है बुलेट ट्रेन। अभी चल रहा है काम। दो साल में होने वाला काम अभी हो रहा है। तो कौन झूठ बोला। मोदी ने बोला। तुम (मोदी) बोलते हैं, मैं हुकुमत में आया तो किसान की मदद करूंगा। आमदनी दोगुनी करूंगा। कहां है दोगुनी। इनके झांसे में मत आओ। अब बीजेपी का खत्म हो गया।

### मैं चाय बनाऊं तो कोई भी नहीं पीता

ईडी के छापे इलेक्शन में ही पड़ते हैं। पास साल आपका डिपार्टमेंट क्या सो रहा था? 2 महीने पहले तक तो छापे नहीं पड़े। अभी क्यों पड़े? भूपेश बघेल पर छापे डल रहे हैं। लोकतंत्र में कभी देखा है ऐसा। क्या इंदिरा गांधी, राजीव गांधी के जमाने में ऐसा हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी ने भी ऐसा नहीं किया। ये आए महराज मैं गरीब हूं, बैकवर्ड हूं। मैं तो दलित हूं। मैं तो उससे पिछड़ा हूं। उसकी तो लोग चाय पीते हैं। मैं चाय बनाऊं तो चाय भी नहीं पीते।

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने की सीएम गहलोत की तारीफ, बोले गहलोत नहीं रखते हैं किसी से दुश्मनी

*मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को सरदारपुरा से अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। नामांकन सभा में खड़गे ने सीएम गहलोत की जमकर तारीफ की।*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरदारपुरा से सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गहलोत की तारीफ में खूब कशीदे गढे। खड़गे ने संदेश दिया कि गहलोत किसी से दुश्मनी नहीं रखते हैं, किसी को कुछ कह देते हैं तो भूल जाते हैं।उन्होंने कहा कि गहलोत सबको साथ लेकर चलने वाले नेता हैं।



राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पहले सभा में प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और खुद सीएम गहलोत ने भी खड़गे की जमकर तारीफ की। गहलोत ने कहा कि उनसे ज्यादा वरिष्ठ नेता वर्तमान में कांग्रेस में कोई नहीं है। उनके अध्यक्ष बनने के बाद दो राज्यों में सरकारें बनी हैं।पीसीसी चीफ डोटासरा ने भी खड़गे की तारीफों के पुल बांधे। उन्होंने कहा कि खड़गे के अध्यक्ष बनने के बाद कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया था।उन्होंने कहा कि इसी महीने 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रचंड जीत होगी।

खड़गे ने की गहलोत की तारीफः खड़गे ने कहा कि गहलोत ने जो गरीबों के लिए काम किए हैं वे याद रखे जाएंगे।उनको जो भी भूमिका मिली उसमें काम किया। खड़गे ने कहा कि गहलोत का स्वभाव पानी के जैसा है जिस रंग में मिलाओ वैसे हो जाते हैं। वे सबको साथ लेकर चलने वाले नेता हैं। किसी के बारे में दुश्मनी नहीं रखते हैं, हो सकता है पांच-दस मिनट किसी से बोल-चाल हो गई, लेकिन वे भूल जाते हैं और पार्टी का काम करते हैं। जोधपुर के उम्मेद स्टेडियम में मल्लिकार्जुन से पहले यहां पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजवी गांधी, राहुल गांधी, नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह भी सभाएं कर चुके हैं।

नामांकन में पहली बार राष्ट्रीय नेताः सीएम गहलोत ने अबतक सरदारपुरा विधानसभा से सात बार नामांकन किया है। पहली बार उनके नामांकन में कोई राष्ट्रीय स्तर का नेता शामिल हुआ है। माना जा रहा है कि गहलोत ने खड़गे को बुलाकर कांग्रेस में संदेश दिया है कि अगर सरकार आती है तो वे फिर सीएम की रेस में होंगे क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष का आशीर्वाद है।

## ओवरब्रिज से नीचे गिरी स्लीपर बस, 4 लोगों की मौत

***ड्राइवर को नींद आने से एक्सीडेंट, ढाई घंटे बंद रहा दिल्ली-जयपुर रेलवे ट्रैक***

सितारा न्यूज नेटवर्क



**दौसा।** सवारियों से भरी बस ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए रेलवे ट्रैक के पास जा गिरी। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 29 घायल हो गए। हादसे के बाद दिल्ली-जयपुर रेल मार्ग करीब ढाई घंटे तक बंद रहा। एक्सीडेंट रविवार रात करीब दो बजे दौसा के कलेक्ट्रेट के पास से गुजर रहे रेलवे ओवरब्रिज पर हुआ। हादसे में गंभीर घायल 7 यात्रियों को जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार प्राइवेट बस हरिद्वार से उदयपुर की तरफ जा रही थी। रात करीब दो बजे ओवरब्रिज पर पहुंचते ही ड्राइवर को झपकी आ गई और बस रेलिंग तोड़ते हुए 30 फीट नीचे रेलवे ट्रैक के पास गिर गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इधर, घटना की जानकारी के बाद कलेक्टर कमर चौधरी और एएसपी बजरंग सिंह शेखावत मौके पर पहुंचे। इसके बाद रेलवे अधिकारियों से बातचीत कर दिल्ली-जयपुर रेल मार्ग को बंद करवाया और घायलों को दौसा के जिला अस्पताल में भेजा गया। बस में करीब 35 से ज्यादा यात्री थे, जो हरिद्वार में अस्थि विसर्जन की क्रिया कर अपने घर लौट रहे थे।

**29 यात्री घायल, करीब 1 घंटे तक फंसे रहेः** हादसा इतना दर्दनाक था कि यात्री करीब 1 घंटे तक बस में फंसे रहे, जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। इस हादसे में 29 यात्री घायल हो गए। अधिकांश घायल जयपुर, टोंक और पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं।

हादसे में हस्तीमल निवासी अगड़िया राजसमंद, अंकित कश्यप निवासी हरिद्वार, नंदकिशोर, गीता बाई व ललिता बाई निवासी सबलगढ़ बूंदी, साधी निवासी सोडाला जयपुर, अजयपाल सिंह निवासी दातारामगढ़ सीकर, विद्या देवी निवासी गणगौरी बाजार जयपुर, देवानंद, मोहमाया, दीपांकर निवासी मुर्शिदाबाद कोलकाता, ऊषा कोली, किशन देवी, चेल्ली निवासी जयपुर, मुंशी निवासी बंगाल, रूपनारायण निवासी जोशी कॉलोनी जयपुर, गुलाबचंद निवासी बड़ी चौपड़ जयपुर, लालाराम सैनी, राधा व संतरा सैनी निवासी निवाई टोंक, सोहनलाल निवासी गोनेर जयपुर, मोहम्मद कासिम निवासी अजमेर, सुनीता देवी निवासी प्रताप नगर चितौड़गढ़, ओमी देवी महावर निवासी गंगापोल जयपुर, अक्षरा कुमार निवासी मालपुरा टोंक, मौसमी निवासी मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल घायल हो गए। जिनमें 7 गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया है।

## प्रियंका गांधी का PM पर तंज, बोलीं- प्याज और विराट दोनों ने की सेंचुरी,

सितारा न्यूज नेटवर्क

**धार।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर एमपी पहुंची। जहां पहले प्रियंका गांधी ने धार के कुक्षी बाद में इंदौर में सभा को संबोधित किया। धार में सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने महंगाई और बेरोजगारी को लेकर मोदी सरकार पर तंज कसा। वहीं पीएम मोदी द्वारा दादा-दादी और नाना-नानी के नाम पर वोट मांगने को लेकर भी जवाब दिया।



**बेरोजगारी पर बोलीं प्रियंका गांधी:** सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार पर खूब बरसीं। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज एमपी ही नहीं बल्कि देश में भी बेरोजगारी है। आज देश में जो बेरोजगारी है, वो 45 साल से देश में नहीं रही। प्रियंका गांधी ने कहा कि 90 प्रतिशत से ज्यादा सरकारी पद खाली हैं, बीजेपी की सरकार है फिर भी ऐसा क्यों है? ।विराट और प्याज दोनों की हुई सेंचुरीः वहीं महंगाई पर बोलते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में पहले टमाटर का दाम बढ़ा, अब प्याज का भी दाम बढ़ गया है। जब कांग्रेस की सरकार थी, और उस समय वर्ल्ड कप चल रहा था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते थे कि देखेंगे सचिन सेंचुरी मारेगा या प्याज? अब मैं बीजेपी सरकार से पूछना चाहती हूं कि वर्ल्ड कप चल रहा है विराट कोहली और प्याज दोनों की सेंचुरी हो गई है। आपकी ही सरकार है, इस पर आप क्या बोलेंगे।

**मैंने इंदिरा का नाम ले लिया तो बुराई है:** वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि बीते दिन जब पीएम मोदी एमपी आए थे, तो मैंने उनका भाषण सुना। वे कह रहे थे कि कांग्रेस के कुछ नेता इंदिरा गांधी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। तब मैंने सोचा कि पीएम मोदी तो हर भाषण में पंडित जवाहर लाल नेहरू का नाम लेते हैं। मैंने इंदिरा गांधी का नाम ले लिया तो इसमें क्या बुराई हो गई।

## कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की, राहुल-प्रियंका, गहलोत-पायलट समेत 40 नाम हैं शामिल

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से सोमवार को स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई। इस सूची में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के अलावा राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के 40 नेताओं के नाम शुमार हैं। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की स्टार प्रचारकों की लिस्ट में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के साथ-साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नाम शामिल हैं। कांग्रेस की इस सूची में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और डॉक्टर सीपी जोशी सहित 40 स्टार नेताओं के नाम शामिल हैं।

कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में पार्टी ने तजुबेकार नेताओं के साथ-साथ युवाओं को भी शामिल किया है। राजस्थान के प्रचारकों की इस लिस्ट में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रमुख हैं। इसके अलावा पार्टी ने राज बब्बर को भी प्रचार का जिम्मा सौंपा है। पार्टी की ओर से प्रचार करने वाले अल्पसंख्यक चेहरों में तारीक अनवर, शकील अहमद खान शामिल है। इन नेताओं में युवा चेहरे के रूप में कन्हैया कुमार और जिग्नेश मेवानी शामिल होंगे, जबकि प्रदेश प्रभारी के साथ-साथ तीनों सह प्रभारी भी राजस्थान में प्रचार का दायित्व संभालेंगे।

## सीएम गहलोत ने सरदारपुरा से भरा पर्चा, बहन से लिया आशीर्वाद

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आज नामांकन का आखिरी दिन है। चुनावी रण में उतरने वाले प्रत्याशियों को 3 बजे से पहले नामांकन भरना जरूरी है। ऐसे में बीजेपी-कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों के वे प्रत्याशी जिन्होंने अब तक पर्चा नहीं भरा है, वो सुबह 9 बजे बाद से ही नामांकन भरने की जुगत में लगे हुए है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी दोपहर करीब 12.15 बजे सरदारपुरा सीट से नामांकन दाखिल किया। इससे पहले सीएम गहलोत ने लाल सागर स्थित आवास पर जाकर अपनी बहन का आशीर्वाद ले लिया।

नामांकन भरने से पहले सीएम गहलोत लाल सागर स्थित अपनी बहन के आवास पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने अपनी बहन से आशीर्वाद लिया। इसके बाद जोधपुर जिला कार्यालय पहुंचे और विधानसभा चुनाव के लिए सरदारपुरा सीट से अपना नॉमिनेशल दाखिल किया।

## दिल्ली नहीं: प्रदेश के कई शहरों की हवा भी 'जहरीली', भिवाड़ी सबसे ऊपर



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** इन दिनों राजधानी दिल्ली सहित एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर काफी तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। दिल्ली के बाद अब राजसी किलों और हलचल भरे शहरों पर वाले राजस्थान में भी वायु प्रदूषण का असर दिख रहा है। राजधानी जयपुर सहित कई शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' या 'बहुत खराब' श्रेणी में है।

वायु प्रदूषण से आंखों में जलन लगना, खांसी, सांस फूलना आदि लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने कई जिलों में हवा की गुणवत्ता की जांच की। सीपीसीबी द्वारा सोमवार सुबह 10 बजे मापी गई राजस्थान में हवा की गुणवत्ता में अलवर जिले का भिवाड़ी शहर प्रदूषित शहरों की सूची में सबसे ऊपर है। भिवाड़ी का एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 459 है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। वहीं वायु प्रदूषण में धौलपुर, हनुमानगढ़, चुरू, भरतपुर, श्रीगंगानगर, जयपुर, अलवर, जैसलमेर और दौसा का नाम भी शामिल है।

# विधानसभा चुनाव में बागी बिगाड़ेंगे खेल, सियासत में रूठे साथियों ने मुकाबलों को बनाया दिलचस्प

*राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन का दौर खत्म हो गया है। आखिरी दौर तक प्रमुख पार्टियों की ओर से किए गए प्रत्याशियों के नाम के ऐलान के बाद बगावत के स्वर भी पूरे राजस्थान में सुनाई दिए। अपने दलों से नाराज प्रत्याशियों की इस बगावत के बाद माना जा रहा है कि करीब 20 से ज्यादा सीटों पर राजनीतिक दलों की कैलकुलेशन गड़बड़ हो जाएगी।*

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** राजस्थान के दंगल के लिए कांग्रेस और बीजेपी के दावेदारों के नाम तय होने के साथ ही रण की तस्वीर फाइनल हो गई है। 2023 के चुनाव के जरिए विधानसभा में दाखिल होने की हसरत ने कई राजनीतिक दलों में बगावत को बुलंद कर दिया है। दोनों सियासी पार्टियां कांग्रेस और बीजेपी के अपने ही बगावत पर उतर आए हैं। ऐसे में मान मनौव्वल के बावजूद कई सीटों पर समीकरण बनते और बिगड़ते नजर आ रहे हैं।

2023 की इस बगावत में स्क्रिप्ट लिखने वाले बागी फिलहाल घोषित और सिंबल प्राप्त प्रत्याशियों के लिए परेशानियों में इजाफा कर रहे हैं। इन नेताओं की नामांकन रैलियों में उमड़ी भीड़ भी इशारा कर रही है कि बगावत का रंग इस बार सुर्ख होने जा रहा है। खास बात यह है कि कई मंत्री और वरिष्ठ नेता इस बार पार्टी के फैसले से नाखुश नजर आ रहे हैं।

फेहरिस्त में वसुंधरा राजे के करीबी भीः प्रदेश के बागियों की सूची में वसुंधरा राजे किचन कैबिनेट के सदस्य के रूप में पहचान रखने वाले पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत और पूर्व मंत्री यूनुस खान भी शामिल हैं। इसके अलावा मारवाड़ की राजनीति में छात्र और युवा चेहरे के रूप में पहचान रखने वाले रविंद्र सिंह भाटी भी हाल में भाजपा ज्वाइन करने के बाद हाथ लगी निराशा के बाद मैदान में है। इसके अलावा मदन राठौड़ और राजेंद्र भादू जैसे नाम भी बागियों की लिस्ट में कमल के निशान के आगे मुसीबत में इजाफा करेंगे।

कांग्रेस से भी बगावत के स्वरः बगावत करने में सत्ताधारी दल के नेता भी पीछे नहीं है। अलवर की राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ सीट से मौजूदा विधायक जौहरी लाल ने ताल ठोक रखी है, तो नोखा से कन्हैया लाल झंवर मैदान में है। लूणकरणसर से वीरेंद्र बेनीवाल, छबड़ा से नरेश मीणा, सादुलशहर से ओम बिश्नोई, सवाई माधोपुर से अजीज आजाद, बसेड़ी से खिलाड़ीलाल बैरवा और नागौर से हबीबुर्रहमान जैसे दिग्गज नेताओं के नाम भी शामिल हैं।

## बागियों ने बढ़ाई भाजपा की चिंता, दो दर्जन से ज्यादा ने भरा नामांकन, पार्टी ने किया ये बड़ा दावा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया का दौर थम गया। अब 9 नवंबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। हालांकि, 7 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उसके बाद नाम वापस लेने का दौर शुरू होगा। नामांकन प्रक्रिया का दौर थमने के साथ ही भाजपा की मुश्किलें भी बढ़ गई, क्योंकि प्रदेश भर में करीब दो दर्जन से ज्यादा नेताओं ने बगावती तेवर अख्तियार करते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया है। ऐसे में पार्टी इन बागियों की मान मनुहार में जुट गई है।

प्रदेश में भाजपा के लिए कांग्रेस से ज्यादा अपनों की नाराजगी चिंता का सबक बनी हुई है। विधानसभा सीटों पर नजर डालें तो दो दर्जन से ज्यादा उन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है, जो पार्टी के मजबूत फेस माने जाते हैं। इसमें शाहपुरा से कैलाश मेघवाल, चित्तौड़ से चंद्रभान आक्या, सवाई माधोपुर से आशा मीणा, बांसवाड़ा से हकरु मईड़ा, सांचौर से दानाराम शिवाराम, झोटवाड़ा से राजपाल सिंह शेखावत, बयाना से ऋतु बनावत, बाड़मेर से प्रियंका चौधरी का नाम शामिल है। इसी प्रकार डग से रामचंद्र सुनारीवाल, गढ़ी से लक्ष्मणलाल डिंडोरी, सिविल लाइंस से दिनेश सैनी, शिव से रविन्द्र सिंह भाटी, भीलवाड़ा से अशोक कोठारी, डीडवाना से यूनुस खान और बागीदौरा से खेमराज गरासिया का नाम शामिल है।इसे भी पढ़ें - धौलपुर की चार विधानसभा सीटों से 8 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन, जानें कहां किसके बीच है मुकाबलाइनके अलावा झोटवाड़ा से आशु सिंह शेखावत, कोटपूतली से मुकेश गोयल, सीकर से ताराचंद धायल, फतेहपुर से मधुसूदन भिंडा, लाडपुरा से भवानी सिंह राजावत, झुंझुनू से राजेन्द्र भाम्भू, पिलानी से कैलाश मेघवाल, खंडेला से पूर्व मंत्री बंशीधर बाजिया, संगरिया से गुलाब सिंवर ने पार्टी के खिलाफ जाकर निर्दलीय नामांकन पत्र दाखिल किया।

क्षेत्र का नं. 1 अखबार
अपना शहर
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
मंगलवार 7 नवंबर, 2023


| पूर्वानुमान> | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र |
|---|---|---|---|---|
| 20° अधिकतम> | 26°c | 26°c | 27°c | 26°c |
| न्यूनतम> | 21°c | 20°c | 21°c | 20°c |

**नामांकन के आखिरी दिन सबसे ज्यादा चर्चा में रहे झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी आशुसिंह सूरपुरा**

# निर्दलीय प्रत्याशी 'आशुसिंह सूरपुरा' के नामांकन में उमड़ा हुजूम

**जनता के प्रत्याशी के तौर पर भरा पर्चा, सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति भी पहुंची नामांकन में**







सितारा न्यूज नेटवर्क

**झोटवाड़ा।** राजस्थान के चुनावी समर में नामांकन के आखिरी दिन कई उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। लेकिन आखिरी दिन सबसे ज्यादा चर्चा में रहा झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी आशु सिंह सूरपुरा का नामांकन।

जनसेवक की छवि बने आशुसिंह सूरपुरा के समर्थन में पूरे झोटवाड़ा क्षेत्र के हजारों लोग जनता आशीर्वाद सभा में पहुंचे और नामांकन रैली में भाग लिया। वैशाली नगर स्थित एक मैरिज गार्डन में हुई सभा में सबसे पहले मातृ शक्ति ने तिलक लगाकर और बुजुर्गों ने साफा और माला पहनाकर आशु सिंह का स्वागत किया वहीं युवाओं ने जोश से भरे गगनभेदी नारे लगाकर सभी पार्टियों की नींद उड़ा दी। जोश से लबरेज सभा को सम्बोधित करते हुए आशु सिंह ने कहा कि उन्हें पार्टी टिकट नहीं मिला क्योंकि वो नेताओं की चप्पल नहीं उठाते, वो जनता की चप्पल उठाते है इसलिए वो जनता के प्रत्याशी है। आशु सिंह ने कहा कि झोटवाड़ा की जनता पैराशूट उम्मीदवारों को स्वीकार नहीं करेगी, जिन नेताओं का क्षेत्र से जुड़ाव ही नहीं है, वो क्षेत्र की भलाई नहीं कर सकते। बीजेपी उम्मीदवार राज्यवर्धन सिंह पर निशाना साधते हुए सूरपुरा ने कहा कि झोटवाड़ा की जनता ने उन्हें दो बार सांसद बनाया लेकिन क्षेत्र की जनता के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। आशु सिंह ने अपने 14 सालों की जनसेवा का जिक्र करते हुए कहा कि वो हमेशा आप सबके साथ रहे और आगे भी उनका पूरा जीवन लोगों को समर्पित रहेगा। झोटवाड़ा के मुद्दों पर बात करते हुए आशु सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा हाई टेंशन लाइन का है, सभी पार्टियों ने जनता को बरगलाकर वोट लिए लेकिन काम नहीं किया। सूरपुरा ने मंच से वचन देते हुए कहा कि जनता ने उनपर भरोसा जताया तो वो इस मुद्दे का समाधान करके रहेंगे। आशु सिंह ने कहा कि वो 14 सालों से इस क्षेत्र की रग रग से वाकिफ है और उनकी सब समस्याओं को जानते है और उन्हें कलम की ताकत मिलने पर वो क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे। सभा के बाद सूरपुरा ने अपने हजारों समर्थकों के साथ नामांकन रैली निकाली। वैशाली नगर में निकली 5 किलोमीटर लम्बी रैली से राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी रही और इसे बड़े राजनीतिक उलटफेर के तौर पर देखा जा रहा है।

## राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र मे भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना का प्रचार प्रसार जोरो पर

***परबैणी गांव के पंच पटेल बन्नाराम मीना के प्रचार मे रात-दिन गांव गांव मे जाकर कर रहे है जनसम्पर्क***



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी बन्नाराम मीना का क्षेत्र मे प्रचार प्रसार दिन प्रतिदिन बहुत जोर पकडता जा रहा है और बडे बुजुर्ग पंच पटेल लोग भी प्रचार प्रसार मे रूचि ले रहे है और परबैणी गांव के तथा आसपास के दूसरे गांवो के लोग भी प्रचार प्रसार मे रूचि लेते हुए दिखाई दे रहे है और रात-दिन लगातार बन्नाराम के पक्ष मे मतदान की अपील करते हुए नजर आ रहे है। इसी क्रम मे ऐसा ही दृश्य सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के बोर्डर पर स्थित जैतपुर गांव मे व दोनो पाखर गांव तथा सायपुर सहित रैणी कस्बे मे बन्नाराम के कार्यकर्ताओ ने बीजेपी के पक्ष मे मतदान करने की अपील करते हुए आमजन से सम्पर्क किया।



बन्नाराम मीना ने भी स्वयं ने कार्यकर्ताओ की मौजूदगी मे क्षेत्र के रैणी कस्बे मे मतदाताओ व अपने कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर आमजन से अपने पक्ष मे मतदान करने की अपील की। इस दौरान क्षेत्र मे मतदाताओ ने बन्नाराम के कार्यकर्ताओ को आश्वस्त भी किया है कि इस बार तो आमजन का मन ही बन्नाराम की तरफ ही है , मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी बीजेपी मण्डल कार्यकर्ताओ के द्वारा दी गई है।

## बन्नाराम मीना का लक्ष्मणगढ़ में कार्यालय उद्घाटन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना का लक्ष्मणगढ़ में सोमवार को कार्यालय का उद्घटान कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया किया गया। बलराम मीना ने बताया कि कस्बे के मोदी पेट्रोल पंप के सामने स्थित पटेल मार्केट में चुनाव कार्यालय का उद्घटान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधिवत पूजन के बाद में अतिथियों ने फीता काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। बाद में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा चुनाव को आपसी मतभेद भूलकर एकजुट होकर चुनाव लड़ने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना ने उपस्थित भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों से कहा की वो केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी ययोजनाओं व भाजपा की नीतियों को लेकर आम जनता के बीच मे जाये और पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करे। उन्होंने कार्यकताओं से प्रत्येक बूथ पर भाजपा को जिताने की अपील की। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना, सुभाष तिवाड़ी, रामेश्वर जैन, मण्डल अध्यक्ष नरपत सिंह, भगवान गुप्ता सहित भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें। बाद में भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में जनसम्पर्क किया।

## भाजपा कार्यकताओं ने पथ संचलन का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

सितारा न्यूज नेटवर्क

सीकर। देश सेवा के लिए समर्पित संगठन आरएसएस के स्वयंसेवकों ने आज फतेहपुर शहर में पथ संचलन द्वारा शक्ति और एकता का प्रदर्शन किया।हजारों स्वयंसेवकों के पथसंचलन का सारे फतेहपुर शहर द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया।इसी कड़ी में भाजपा उम्मीदवार श्रवण चौधरी ने सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं और वरिष्ठ नेताओं के साथ पथ संचलन कर रहे स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा द्वारा अभिनंदन किया।



**महंत बालक नाथ योगी का तिजारा विधानसभा में जनसंपर्क कार्यक्रम**

# तिजारा की जनता शस्त्र से नहीं वोट से लड़ेगी धर्म युद्ध

***भाजपा सरकार बनने पर तिजारा भिवाड़ी का आधुनिक शहरों की तर्ज पर होगा विकास।***





सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/ तिजारा।** तिजारा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी महंत बालक नाथ योगी ने आज तिजारा में बिजली का तिराहा, दागनहेड़ी, लादीया, खातीवास इत्यादि स्थानों पर जनसंपर्क किया और विभिन्न स्थानीय मुद्दों को लेकर लोगों से चर्चा की ।इसी के साथ उन्होंने बहरोड भाजपा प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में उपस्थित होते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

तिजारा जन समर्थन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहां की आने वाला समय तिजारा का है।जनता वर्तमान राजस्थान कांग्रेस सरकार की सत्ता को बदलने का मन बना चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा सरकार के गठन होने के साथ ही तिजारा विधानसभा में विकास के नए उपक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। तिजारा भिवाड़ी टपूकड़ा औद्योगिक क्षेत्र को गुड़गांव नोएडा की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।जहां विश्व स्तरीय शिक्षा चिकित्सा सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।उन्होंने कहा कि दिल्ली और भिवाड़ी में ज्यादा दूरी नहीं है केंद्र और राज्य की सरकार मिलकर द्रुत गति से विकास को आगे बढायेंगे। उन्होंने कहा कि भगवत गीता में भी अधर्म और अन्याय के खिलाफ खड़े होकर युद्ध करने के लिए कहा गया है। तिजारा की जनता का यह युद्ध शस्त्र से नहीं अपने वोट के माध्यम से लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बुलडोजर से उन लोगों को समस्या है जो इसका सही अर्थ नहीं समझ सके हैं, सुशासन और कानून की शक्तियों का सदुपयोग का पर्याय आज बुलडोजर है। कांग्रेस पार्टी ने मंदिरों को ढहाकर बुलडोजर का सनातन धर्म के विरुद्ध प्रयोग किया, यदि आतंक अराजकता और धार्मिक जुलूसों पर पत्थर फेंकने वाले लोगों के खिलाफ इसका प्रयोग किया जाता तो आज प्रदेश की हालत इतनी गंभीर नहीं होती। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है लेकिन कांग्रेस सरकार ने एक बार नहीं अनेक बार लोकतंत्र की मयार्दाओं को तोड़ते हुए सत्ता का दुरुपयोग किया और अपराधियों को संरक्षण दिया।राजस्थान कांग्रेस की कुशासन और आतंकारी नीतियों के खिलाफ आगामी 25 नवंबर को जनता जो निर्णय करेगी, उसका परिणाम 3 दिसंबर को सभी के समक्ष होगा।उन्होंने बताया कि वह कल 7 नवंबर को तिजारा विधानसभा में जनसंपर्क कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे।

## पंचांग

**दिनांकः-07 नवम्बर 2023 मंगलवार**
**विक्रम संवत2080 कार्तिक कृष्ण पक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | दशमी | अहोरात्र |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | मघा | 16:22:45 |
| योग | ब्रह्म | 15:18:30 |
| करण | वणिज | 19:07:22 |
| चन्द्र राशि | सिंह | |
| सूर्य राशि | तुला | |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:41:35 |
| सूर्यास्त | 17:39:02 | |
| चंद्रोदय | 25:58:45 | |
| चंद्रास्त | 14:27:12 | |
| राहू काल | 14:55 - 16:17 | |
| अभिजित | 11:48 - 12:32 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| चर | 09:26 - 10:48 | शुभ |
| लाभ | 10:48 - 12:10 | शुभ |
| अमृत | 12:10 - 13:32 | शुभ |
| शुभ | 14:55 - 16:17 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

**बना दिया इतिहास...**

## एक ही विद्यालय के 13 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर हुआ चयन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सांवर मल शर्मा/आसींद।** सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल आसींद के 13 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर चयन होने पर सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तुलसीराम कुमावत प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल रहे। छात्र अमित कुमार सुपुत्र राकेश कुमार का एथलेटिक्स में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ, दिनेश गुर्जर सुपुत्र मांगीलाल गुर्जर का एथलेटिक्स में राज्य स्तर पर , लखन गुर्जर सुपुत्र अर्जुन गुर्जर का कुश्ती में, नरेंद्र गुर्जर सुपुत्र सुखदेव गुर्जर, अभिषेक गहलोत सुपुत्र प्रदीप गहलोत, गोविंद गुर्जर सुपुत्र प्रभु लाल गुर्जर का कबड्डी में राज्य स्तर पर, किशन मेवाड़ा सुपुत्र शंकर लाल मेवाड़ा, लवराज सिंह राठौड़ सुपुत्र नागेंद्र सिंह राठौड़, छात्रा अंजलि सेन सुपुत्री बुद्धराज सेन, अंजू तेली सुपुत्री महावीर प्रसाद तेली का सॉफ्टबॉल में राज्य स्तर पर चयन हुआ, कार्तिक सिंह राठौड़ सुपुत्र गजेंद्र सिंह राठौड़ वॉलीबॉल में व दिव्यांशु व्यास सुपुत्र सत्यनारायण व्यास, हर्षवर्धन सिंह चुंडावत सुपुत्र नरेंद्र सिंह चुंडावत का क्रिकेट में राज्य स्तर पर चयन हुआ इस मौके पर निदेशक गोपाल लाल माली प्रधानाचार्य निर्दोष राही जोशी , मिट्ठू सिंह राठौड़, तरुण माली वह समस्त अध्यापकगण मौजूद रहे। संचालन ओमप्रकाश पारीक ने किया।

## बेकाबू कार पलटने से युवक की मौत:3 बार हाईवे पर पलटी खाई; कार चला रहा साथी मौके से भागा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**अजमेर।** अजमेर जिले के नसीराबाद में नांदला मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार पलटने से एक युवक की मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचकर मृतक ग्राम खरवा, हाल ब्यावर निवासी भव्यराज उर्फ सुनील (21) संपत्तराज का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस हादसे को लेकर जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, मृतक भव्यराज अपने साथी के साथ कार में नसीराबाद की तरफ आ रहा था। इसी समय नांदला-नसीराबाद मार्ग पर तेज रफ्तार कार तेजी से पलट गई और दो-तीन पलटी खा गई। जिससे कार में सवार भव्यराज गंभीर रूप से घायल हो गया और कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घायल भव्यराज को स्थानीय राजकीय हॉस्पिटल लाया गया जहां उसे चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### भाजपा द्वारा टिकट काटे जाने पर विजय समर्थ लाल मीणा ने व सुनीता मीना ने निर्दलिय उम्मीदवार के रूप में भरा नामाकंन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** भारतीय जनता पार्टी के श्याम सुन्दर मीणा व सुनीता मीणा ने विजय समर्थलाल मीणा को समर्थन दिया और गणेश पोल पर गणेशजी की पूजा अर्चना मे साथ बैठकर बचनवद्ध होकर सुनीता मीणा ने संकल्प लिया विजय समर्थलाल को भारतीय जनता पाटी ने टिकिट न देने पर निर्दलिय के रूप मे नामांकन भरा लेकिन कुछ देर बाद ही मिडिया को देखने मे मिला कि विजय समर्थ लाल मीना व सुनिता मीना एवं श्यामसुंदर मीना सभी ने फोर्म भरा।

मिडिया के द्वारा पूछने पर अगर राजगढ़ लक्ष्मणगढ की जनता जर्नादन ने आपको बोट देकर बिजयी घोषित किया तो आप भाजपा मे जाएंगे या किसी अन्य पार्टी मे समर्थन देंगे ऐसा पूछने पर मिडिया के रूबरू होकर विजय समर्थ लाल मीना बीजेपी बागी उम्मीदवार ने कुछ बताने से ही इन्कार किया।

### राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के रैणी व पिनान कस्बे में...

## भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना के पार्टी कार्यालय का उद्घाटन आज

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर की राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रैणी नगरपालिका मुख्यालय पर कस्बे मे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बन्नाराम मीना द्वारा रैणी में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को प्रातः 10 बजे किया जायेगा एवं दोपहर बाद 3 बजे पिनान कस्बे मे पिनान मण्डल अध्यक्ष द्वारा व बीजेपी कार्यकर्ताओ द्वारा कार्यालय उद्घाटन किया जावेगा। कार्यालय उद्घाटन में रैणी बीजेपी मण्डल के सभी बीजेपी कार्यकर्ताओ के साथ ही आस पास व रैणी क्षेत्र के सैंकड़ों गणमान्य नागरिक लोग मौजूद रहेंगे। भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना सहित रैणी बीजेपी मण्डल अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित सभी बीजेपी पदाधिकारी कार्यालय उद्घाटन के समय उपस्थित रहेगें। उद्घाटन के अवसर सभी को मिठाई बांटकर मुह मिठा कराया जावेगा और इसके बाद भाजपा प्रत्याशी सहित सभी कार्यकर्ताओ द्वारा जनसंपर्क के लिए क्षेत्र में प्रस्थान किया जावेगा। मिडिया को यह सारी जानकारी भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना के द्वारा दी गई है।



## युवा पीढ़ी को हमारे मूल्यों, इतिहास और संस्कृति से जुड़ना होगा : कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियाँ

### आखिरी शाम रंग कर्मी कीर्ति किरपाल की टीम द्वारा नाटक 'डैड्स गर्लफ्रेंड' प्रस्तुत किया गया






सितारा न्यूज नेटवर्क

**बठिंडा/सोनू टुटेजा।** आज की युवा पीढ़ी को हमारी नैतिकता, इतिहास और संस्कृति से जुड़ना होगा, जिसके लिए नाटियाम पंजाब जैसी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयास बेहद सराहनीय हैं। ये विचार पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियन ने नाट्यम पंजाब द्वारा आयोजित 15 दिवसीय 12वें राष्ट्रीय नाटक मेले के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए साझा किए। इस मौके पर कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने यह भी घोषणा की कि उनका विभाग नाटियाम पंजाब को 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा. गौरतलब है कि 12वें नेशनल थिएटर फेस्टिवल का समापन समारोह नैटियम पंजाब द्वारा नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर पटियाला और ड्रीम हाइट्स के सहयोग से महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी, बठिंडा के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। इस दौरान रंगकर्मी कीर्ति किरपाल की टीम द्वारा नाटक 'डैड्स गर्लफ्रेंड' प्रस्तुत किया गया। यह नाटक मूल रूप से अतुल सत्य कौशिक द्वारा लिखा गया है। नाटक का मुख्य पात्र एक प्रसिद्ध लेखक है, जो विदेश में रहता है और प्रसिद्धि और धन कमाने के लिए अपने परिवार से दूर है। जिसके कारण उनकी बेटी शुरू से ही अकेलेपन से जूझ रही है। लेकिन भारत लौटने पर वह आदमी अपनी बेटी की उम्र की महिला के साथ अंतरंग हो जाता है, जो उसकी बेटी को मंजूर नहीं है। इन सबके चलते उनकी बेटी को अपने पिता का प्यार नहीं मिल पा रहा है, जो उन दोनों के लिए चिंता का विषय बन जाता है !नाटक मेले की आखिरी शाम के दौरान बठिंडा शहरी विधायक जगरूप सिंह गिल, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक हरप्रीत सिंह और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे. सज्जन भी सम्मिलित हुए। आयोजकों में संरक्षक सुदर्शन गुप्ता और डॉ. कशिश गुप्ता ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया, साथ ही सह-संरक्षक डॉ. पूजा गुप्ता, अध्यक्ष सुरिंदर कौर और डिजाइनर गुरनूर सिंह भी मौजूद रहे।

# मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहीं शपथ, कहीं दौड़

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हुए कई आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक पहलू है। आगामी विधानसभा चुनावों में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, जयपुर द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशन में जयपुर के एक निजी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में जन-जन से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह की मौजूदगी में आयोजित हुए कार्यक्रम में छोटकी और वोटकी ने अपने रोचक नाट्य अभिनय से दर्शकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा ने मतदान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का मंच संचालन किया एवं विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित भी किया। इस मौके पर जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने मौजूद युवाओं एवं आमजन को मतदान की शपथ भी दिलाई। वहीं, सुबह जयपुर स्थित पत्रिका गेट पर मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। जिसमें सैकड़ों युवाओं ने दौड़ लगाकर विधानसभा चुनाव में मतदान की अपील की। वहीं, जिला स्वीप टीम द्वारा जयपुर के विभिन्न स्थानों पर वीआर प्रेजेंटेशन के जरिये युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। बनीपार्क स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, नारायण सर्किल स्थित एक निजी मॉल, हीरापुरा स्थित कमला देवी बुधिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामनिवास बाग स्थित मसाला चौक पर वीआर के जरिये नव मतदाताओं ने मतदान केन्द्र का थ्री डी अनुभव प्राप्त किया।

SPECIAL NEWS — सितारा न्यूज नेटवर्क









## ठंड के मौसम में बच्चें व बुजुर्गों की सेहत का ध्यान रखना अति आवश्यक : डॉ. भूपेंद्र शर्मा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** सुबह-शाम हल्की-हल्की ठंड महसूस होने लगी है। क्योंकि आजकल मौसम मे धीरे-धीरे बदलाव हो रहा है। सुबह-शाम हल्की ठंड और दिन मे धूप रहती है। इस तरह का मौसम विशेष रुप से मनुष्य की सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। और विशेष कर बच्चों व बुजुर्गों की सेहत को बिगाड़ सकता है। इसलिए हमे बदलते हुए मौसम में सर्दी से सावधानी रखनी है। यह बात बदलते हुए मौसम पर गांव चांदवास निवासी हैल्थ एक्टिविस्ट डॉ भूपेंद्र शर्मा ने जारी ब्यान मे कही। डॉ शर्मा ने बताया इस मौसम के शुरूआती दौर मे तापमान मे उतार चढाव रहता है। जिसके कारण मनुष्य की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और वह जल्दी ही बुखार-जुकाम, सर्दी खांसी इत्यादि की चपेट मे आ जाता है। तथा मनुष्य को मच्छर संक्रमित बिमारियां जैसे मलेरिया, डेंगू इत्यादि भी हो सकते हैं। डॉ शर्मा ने बताया कि सर्दी के मौसम मे ठंड के कारण मनुष्य को ह्रदय रोग, पैरालायसिस, श्वास-दमा, उच्च रक्तचाप ( बीपी) , मधुमेह ( शुगर ) , हाईपोथर्मिया, टानसिलाइटिस, त्वचा रोग आदि अनेकों प्रकार की बीमारीयां होने का खतरा रहता है। या फिर जो मनुष्य इन तरह के रोगों से ग्रस्त है तो उसे विशेष रुप से अपने शरीर की ठंड से बचाव रखने की आवश्यकता है। डॉ चांदवास ने बताया कि यदि शिशु को तीन दिन से जुकाम तथा हाई-फिवर रहता है तो उसे तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने बताया कि सर्दी मे बीमारियों से बचनें के लिए गर्म कपड़े पहने। साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखे। अच्छे ,साफ व बिना कटे हुए फलों का प्रयोग करे। ठंडी वस्तुओं का सेवन करने से बचे। हल्के गर्म पेय पदार्थ व उबालें हुए पानी का सेवन करे। ह्रदय व बीपी के रोगियों को विशेष रुप से ठंड से बचने की आवश्यकता है। ऐसे रोगी कम से कम मात्रा में नमक का सेवन करे। जो रोगी पहले से दवाइयां ले रहे है वो नियमित रुप से समय पर अपने दवाइयां लेते रहे।

## राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशी महावीर प्रसाद बिजारणियां ने दाखिल किया नामांकन पत्र





**दांतारामगढ़ ।** विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है। दांतारामगढ़ विधानसभा से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशी महावीर प्रसाद बिजारणियां ने रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की ओर से दांतारामगढ़ विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। आरएलपी कार्यकताओं के साथ रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय पहुंचकर महावीर प्रसाद बिजारणियां ने रिटर्निंग अधिकारी गोविंद सिंह भींचर को नामांकन पत्र सौंपा। आरएलपी प्रत्याशी महावीर प्रसाद बिजारणियां ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पिछले 70 सालों में जो मूलभूत विकास होने चाहिए थे वह आज तक नहीं हो पाए है अगर वह चुनाव जीत कर आते हैं तो निश्चित तौर पर दांतारामगढ़ में विकास कार्य करवाए जाएंगे।

## कविता

### वक्त की नजाकत

वो आज फिर अपने दाम
बढ़ाकर घटाने लगे हैं।
जिनसे मिलने में हमें, जमाने लगे।
कल तक उनके दर पर खड़े थे।
हम,कतार लगाकर।
वक्त की नजाकत तो देखिए ,
साहब ! अब वो हमारे घर के
दरवाजे खटखटाने लगे है।
कल तक जिनके लिए गैर थे।
हम,वो आज फिर से
हमें अपना बताने लगे है।
हकीकत से कोसों दूर रहे,
जो एक अरसे तक,वो आज फिर से
हमें ही जमीनी हकीकत बताने लगे है।
बनकर हितेशी कल तक जिन्हें
सपने कोई और दिखाता रहा।
वो आज फिर वही
झूठे सपने हमें दिखाने लगे ।
वो आज फिर अपने दाम
बढ़ाकर घटाने लगे है।



सितारा न्यूज नेटवर्क
डॉ. कांता मीना
शिक्षाविद् एवं
साहित्यकार

## प्रदेश की जनता कांग्रेस की धोखेबाज सरकार को धक्का देकर सत्ता से बाहर करने को तैयार : सीपी जोशी

### सनातन का अपमान करने वालों को जनता ईवीएम पर कमल का बटन दबाकर दफन कर देगी





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बड़ी सादड़ी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी आज बड़ी सादड़ी से भाजपा प्रत्याशी गौतम दक के नामांकन में सम्मिलित हुए और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समय आ गया है कांग्रेस की धोखेबाज सरकार को सत्ता से धक्का मारकर हटाने का जिन्होंने 2018 में झांसेबाजी और झूठे वादे कर सत्ता हासिल की और प्रदेश की जनता को धोखा दिया। इस धोखे से प्रदेश का जवान, किसान, महिला, युवा, दलित, वंचित, व्यापारी, कर्मचारी सभी पीड़ित रहे हैं। जनता का रोष कांग्रेस को प्रदेश और बड़ी सादड़ी से हमेशा के लिए विदा करेगा और प्रदेश में अबकी बार और फिर बार बार भाजपा सरकार बनेगी।

सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश और मेवाड़ की धरती को कलंकित करने का काम किया है। यह झाला मन्ना की धरती है, जिन्होंने अपने बलिदान से हिंदुजा सूरज महाराणा प्रताप की रक्षा की थी। मेवाड़ की धरती को कभी पराधीन नहीं होने दिया। इस देश में कई आक्रांता आए कोई सनातन को समाप्त नहीं कर पाया। कांग्रेस के ये लोग सनातन को समाप्त करने की बात करते हैं। सनातन हमारे रग रग और दिलों दिमाग में बसा है। सनातन को गाली देने वाले सुन लेना 25 नवंबर को प्रदेश की जनता ईवीएम का बटन दबाकर ऐसा करारा जवाब देगी, कि तुम्हारी सात पीढियां सनातन को गालियां देना भूल जाएगी। सीपी जोशी ने कहा कि जनता को सिर्फ मोदी गारंटी पर भरोसा है जिन्होंने जो कहा कर दिखाया। गरीबों को आवास योजना में पक्का घर, हर घर में शौचालय, उज्वला योजना में सिलेंडर, हर आदमी का बैंक में खाता खोला, मनरेगा का पैसा सीधा खाते में भेजने का काम, गरीब के इलाज आयुष्मान योजना शुरू की। वह भी अपने पूरे कार्यकाल में। प्रदेश कांग्रेस सरकार की तरह सिर्फ चुनावों के समय गारंटियां नहीं दी। सदैव काम करके दिखाया।

*विधानसभा आम चुनाव : 2023*

## जयपुर की 19 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 289 प्रत्याशियों ने दाखिल किये 378 नामांकन पत्र

### नामांकन के अंतिम दिन 162 प्रत्याशियों ने किये 206 नामांकन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव में जयपुर जिले की 19 विधानसभा क्षेत्र से कुल 289 प्रत्याशियों ने 378 नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को 162 प्रत्याशियों ने 206 नामांकन पत्र जमा करवाए। उन्होंने बताया कि कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से 11 प्रत्याशियों ने 17 नामांकन पत्र, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से 15 प्रत्याशियों ने 17 नाामांकन तो वहीं शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से 13 उम्मीदवारों ने 16 नामांकन पत्र जमा करवाए हैं। चौमूं विधानसभा क्षेत्र से 11 प्रत्याशियों ने 17 नामांकन पत्र, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से 9 प्रत्याशियों ने 11 नामांकन पत्र, दूदू विधानसभा क्षेत्र से 4 प्रत्याशियों ने 5 नामांकन पत्र, झोटवाड़ा से विधानसभा क्षेत्र से 20 प्रत्याशियों ने 24 नामांकन पत्र दाखिल किये। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आमेर विधानसभा क्षेत्र से 19 प्रत्याशियों ने 28 नामांकन पत्र, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 10 प्रत्याशियों ने 16 नामांकन पत्र, हवामहल विधानसभा क्षेत्र से 19 प्रत्याशियों ने 25 नामांकन पत्र, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से 19 प्रत्याशियों ने 26 नामांकन पत्र, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से 18 प्रत्याशियों ने 29 नामांकन पत्र जमा करवाए हैं। वहीं, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से 17 प्रत्याशियों ने 20 नामांकन जमा दाखिल करवाए हैं। वहीं, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से 31 प्रत्याशियों ने 34 नामांकन पत्र, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से 12 प्रत्याशियों ने 18 नामांकन पत्र, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से 26 प्रत्याशियों ने 31 नामांकन पत्र, बगरू विधानसभा क्षेत्र से 12 प्रत्याशियों ने 15 नामांकन पत्र, बस्सी विधानसभा क्षेत्र से 17 प्रत्याशियों ने 21 नामांकन पत्र, चाकसू विधानसभा क्षेत्र से 6 प्रत्याशी ने 8 नामांकन पत्र जमा करवाए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# राज्यपालों को आत्मावलोकन की 'सुप्रीम' नसीहत मौजूं

विगत कुछ वर्षों में राज्यपालों का राज्य सरकारों से टकराव बढ़ा है। अनेक मामले में राज्यपाल चुने हुए प्रतिनिधि की तरह राजनीतिक मकसद से काम करते दिखे। चाहे राज्य कैबिनेट के फैसले को रोकना हो, या उसमें अड़ंगा लगाना हो, या राज्य सरकार को हिदायत देनी हो, मुख्यमंत्री को असहयोग करना हो, चाहे सरकार बनाने या गिराने में अपनी शक्ति का दुरुपयोग हो, अनेक ऐसे मैके आए जब राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रधिनिधि के तौर पर अपने दायित्वों के निर्वहन में निष्पक्ष नहीं दिखे, बल्कि वे सत्ता पक्ष के 'एजेंट' के तौर पर काम करते दिखे। पश्चिम बंगाल, महराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली आदि में राज्यपाल व उपराज्यपाल के चुनी हुई सरकार के साथ टकरावों ने विगत वर्षों में सुर्खियां बटोरीं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय ने राज्यपालों को थोड़ा आत्मावलोकन करने का सुझाव दिया है। राज्यपाल को अपनी शक्तियां मालूम है, उन्हें राज्य कैबिनेट के फैसले को मंजूरी देनी होती है, इसके लिए अगर राज्य सरकार को अपने राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाना पड़े तो यह हमारे संविधान व लोकतंत्र के लिए शर्मनाक स्थिति है। संवैधानिक संकट के समय किसी राज्य के शासन में राज्यपाल की भूमिका है, नहीं तो सरकार चलते रहने के समय राज्यपाल का चुनी हुई सरकार के साथ सहयोगात्मक तालमेल होना चाहिए। चूंकि किसी राज्य में केंद्र से अलग दल की सरकार है, जबकि राज्यपाल केंद्रीय सत्ताधारी दल से ताल्लुक रखते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह अपनी शक्ति का दुरुपयोग करें। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार बनाम पंजाब के राज्यपाल के मुद्दे पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को पंजाब विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित की ओर से उठाए गए कदमों पर अद्यतन स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 'राज्यपालों को मामले उच्चतम न्यायालय में आने से पहले ही विधेयकों पर कार्रवाई करनी चाहिए, इसे खत्म करना होगा कि राज्यपाल तभी काम करते हैं जब मामला उच्चतम न्यायालय आता है...राज्यपालों को थोड़ा आत्मावलोकन की आवश्यकता है और उन्हें पता होना चाहिए कि वे जनता के निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं हैं।' पंजाब के राज्यपाल की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि राज्यपाल ने उनके पास भेजे गए विधेयकों पर कार्रवाई की और पंजाब सरकार द्वारा दायर याचिका एक अनावश्यक मुकदमा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि पंजाब के राज्यपाल का मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के साथ कुछ मुद्दों पर टकराव है। पुरोहित ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखे पत्र में कहा था कि विधेयकों को विधानसभा में पेश करने की अनुमति देने से पहले वह सभी प्रस्तावित कानूनों की गुण-दोष के आधार पर जांच करेंगे। विधानसभा में धन विधेयक पेश करने के लिए राज्यपाल की मंजूरी की जरूरत होती है। राज्यपाल ने 19 अक्टूबर को मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में तीन धन विधेयकों को अपनी मंजूरी देने से इनकार कर दिया था। केंद्र और राज्य के बीच सेतु के रूप में काम कर रहे राज्यपालों को राज्य के विकास को केंद्र में रखकर चुनी हुई सरकार के फैसलों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें अपनी राजनीतिक झुकाव से ऊपर उठकर निष्पक्षता से काम करना चाहिए।

# आचार संहिता को चिढ़ाती घोषणाएं



विस चुनाव
डा. सूर्यकांत मिश्रा

विधानसभा चुनाव से पहले नेता येन - केन-प्रकारेण सत्ता में काबिज होना चाह रहे हैं। विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान आज 7 नवंबर को होना है। पहले चरण में छत्तीसगढ़ और मिजोरम में चुनाव होने हैं। छत्तीसगढ़ में दो चरण में चुनाव होंगे। छग में कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव प्रचार- प्रसार की कमान संभाली है। चुनाव प्रचार के बहाने बड़े-बड़े लोक लुभावन वादे अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कांग्रेस ने किए हैं। सबसे ज्यादा किसानों को साधने का प्रयास किया गया है। राहुल गांधी ने तो केजी से पीजी तक शिक्षा को मुक्त करने का ऐलान भी कर दिया है! कांग्रेस की ललचायी घोषणाओं के बाद भारतीय जनता पार्टी भी चुप नहीं बैठी है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में क्या होगा ? किसके लिए होगा ? कौन खुश तथा कौन नाराज होगा? कहना मुश्किल है, लेकिन सबको लुभाने की कोशिश जरूर है। भाजपा ने भी अनेक लोकलुभावन घोषणाएं की हैं। सवाल यह उठता है कि चुनाव आचार संहिता के बाद ऐसा करना आचार संहिता का उल्लंघन क्यों नहीं माना जा रहा है ? जब वाहनों की जांच के दौरान कैश से लेकर हर प्रकार की सामग्री यह मानकर जब्त की जा सकती है, कि वह मतदान को प्रभावित कर सकती है, तब रेवड़ियों का वादा करती चुनावी घोषणाओं पर विराम क्यों नहीं लग पा रहा है? यह आचार संहिता का उल्लंघन कैसे नहीं है? चुनाव आयोग क्या कर रहा है?

चुनाव से पूर्व मतदाताओं को लुभाने की नीयत से फ्री की रेवड़ियां बांटने पर निर्वाचन आयोग मौन क्यों है? देखा जाए तो चुनाव संपन्न होने के बाद 5 वर्षों तक सत्ताधारी दल को जन सामान्य के लिए योजनाओं की याद नहीं आती। जैसे ही नए चुनाव पास आते हैं दो सप्ताह के भीतर योजनाओं की झड़ी मानसूनी बादल की तरह बरसने लगती है। कहने को तो आचार संहिता के बाद किसी प्रकार की घोषणा या नए कार्यों को करना नियम विरुद्ध होता है , किंतु निर्वाचन आयोग पार्टियों द्वारा की जाने वाली लोक- लुभावन घोषणाओं पर आंख और मुंह पर पट्टी बांधे नजर आता है। परियोजनाएं बनाना और उन्हें लागू करना राज्य सरकार का अधिकार है। मतदाता के लिए भी इसे जानना जरूरी है। वह इसलिए कि परियोजनाओं का आर्थिक प्रभाव क्या होगा। यह विचारणीय है कि चुनाव जीतने के लिए घोषित मौजूदा लोक- लुभावन फ्री की रेवड़ियों की कीमत आने वाली पीढ़ी को तो नहीं चुकानी पड़ेगी? अगली पीढ़ी का भविष्य कहीं गिरवी तो नहीं रख दिया जाएगा? सबसे बड़ा सवाल यह की इन फ्री की रेवड़ियों वाली घोषणाओं के लिए धन कहां से आएगा? वास्तविक रूप में देखा जाए तो अधिकांश घोषणाओं का आर्थिक आधार नींव के बिना धूल- धूसरित होता रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने रेवड़ियों के मामले पर केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और राजस्थान सरकार से जवाब भी मांगा है, इससे साफ है कि शीर्ष अदालत इस मसले पर सख्त है।



निर्वाचन आयोग घोषणाओं के मामले में पूरी तरह अनभिज्ञ अथवा चुप रहता हो, ऐसा कहना भी गलत हो सकता है । कारण यह कि निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ विचार विमर्श का मसौदा भी तैयार किया है। मसौदे में पूछा गया है कि फ्री की घोषणाओं पर अमल करने के लिए धन कहां से अर्जित किया जाएगा? इसे बताना भी जरूरी होगा। कोई टैक्स, सेस या किस योजना के तहत धन अर्जित किया जाएगा? जिससे फ्री की रेवड़ियां बांटी जा सके? इतना सब होते हुए भी आचार संहिता लगने के उपरांत निर्वाचन आयोग की चुप्पी समझ से परे है। किसी प्रदेश को तंगहाली अथवा कंगाल बनाने में फ्री की योजनाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। इस तरह की घोषणाओं के बाद राजनीतिक पार्टियाँ सत्ता में रहे अथवा विपक्ष में बैठे, मुफ्त की योजनाओं को लागू करना अथवा कराना मुमकिन नहीं हो पता है। सीधे शब्दों में कहूं तो स्थिति ऐसी होती है कि न तो निगलते बनता है और न ही उगलते। मुफ्त की योजनाओं को बंद करने अथवा ऐसी घोषणाओं पर विराम लगाने सुप्रीम कोर्ट में एक नहीं अनेक याचिकाएं लंबित हैं। कानून के जानकार यह भी कहते नहीं थकते की अदालत के पास आदेश जारी करने की शक्ति है, किंतु आदेश के बाद किसी योजना के कल्याणकारी होने का दावा करते हुए पुनः अदालत का दरवाजा न खटखटा दिया जाए। ऐसे में स्थिति विकट हो सकती है। यह बहस का विषय हो सकता है न्यायपालिका को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा?

फ्री की योजनाओं को लेकर सभी दल एक कड़ी में बंधे देखे जा सकते हैं। हर दल चाहता है कि फ्री की रेवड़ियां बांटना जारी रहे। इससे उनका कुछ नहीं बिगड़ता । धन आम जनता का होता है, और गद्दी उनकी सुरक्षित रहती है। मैं एक सवाल निर्वाचन आयोग से करना चाहता हूं , कि जब सरकार के पास विकास कार्यों के लिए फंड नहीं होने का रोना रोया जाता है, तो चुनाव जीतने के लिए, ललचाई घोषणाओं के लिए फंड कहां से उपलब्ध हो जाता है ? यही बड़ा कारण है जिससे हमारी अर्थव्यवस्था लचर होती जा रही है। देश के प्रत्येक मतदाता को यह जानने का हक है कि फ्री की रेवड़ियों या निः शुल्क गिफ्ट बांटने के लिए सरकार अथवा राजनीतिक दल पैसे कहां से ला रही है अथवा लाएंगी? देश के एक-एक करदाता को यह जानने का अधिकार है कि उसकी गाढ़ी कमाई का हिस्सा, जो टैक्स के रूप में जा रहा है , उसका उपयोग कहां और कैसे हो रहा है? साथ ही घोषणा पत्र में लालच देने वाली पार्टी को यह बताना होगा की घोषणाओं को पूरा करने के लिए फंड कहां से आएगा? नागरिकों को रेवड़ियों का वादा करने वाले इन दलों को कटघरे में खड़ा करना चाहिए।

आज हर दल सत्ता चाहता है और सत्ता की चाहत में उसके द्वारा फ्री की रेवड़ियों की मिठास घोषणा पत्र में लपेटकर मतदाताओं को पड़ोसी जाती है। यही वह घोषणाएं होती है जो देश अथवा प्रदेश को दिवालिया करने में अपनी भूमिका अदा करती है। निर्वाचन आयोग ही वह ताकतवर संगठन है, जो ऐसी राजनीतिक पार्टियों पर लगाम लगा सकता है। आने वाले लोकसभा चुनाव में यदि निर्वाचन आयोग को ऐसी शक्ति दे दी जाती है, जिससे वह चुनाव आचार संहिता के उपरांत राजनीतिक दलों द्वारा की जाने वाली लोक लुभावना घोषणाओं पर लगाम लगा सके, तो हम प्रदेश के विकास की नई तस्वीर देख सकते हैं । यदि हमारे निर्वाचन आयोग को 'पिंजरे का तोता' बनाकर रख दिया गया तो, वह दिन दूर नहीं जब भारत वर्ष का प्रत्येक राज्य श्रीलंका बन जाएगा। यदि हम श्रीलंका या फिर ऐसा ही कोई राष्ट्र नहीं बनना चाहते हैं, तो वित्त आयोग से लेकर नीति आयोग को फ्री की घोषणाओं पर नियंत्रण करने पर गौर करना होगा ।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

> चुनाव से पूर्व मतदाताओं को लुभाने की नीयत से फ्री की रेवड़ियां बांटने पर निर्वाचन आयोग मौन क्यों है? कहने को तो आचार संहिता के बाद किसी प्रकार की घोषणा या नए कार्यों को करना नियम विरुद्ध होता है, किंतु निर्वाचन आयोग पार्टियों द्वारा की जाने वाली लोक-लुभावन घोषणाओं पर आंख और मुंह पर पट्टी बांधे नजर आता है। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ विचार विमर्श का मसौदा भी तैयार किया। मसौदे में पूछा गया है कि फ्री की घोषणाओं पर अमल करने के लिए धन कहां से अर्जित किया जाएगा? इसे बताना भी जरूरी होगा। इतना सब होते हुए भी आचार संहिता लगने के बाद निर्वाचन आयोग की चुप्पी समझ से परे है।

## जागरूकता दिवस

डा. रमेश ठाकुर



# प्रदूषणकाल में बढ़ रहे कैंसर को रोकने की महती चुनौती

आमजन में अक्सर ऐसी धारणाएं रही हैं कि कैंसर मुख्यतः तंबाकू, खैनी-गुटखा या शराब के सेवन से ही होता है। पर, कैंसर अब इन वजहों तक ही सीमित नहीं रहा? इस खतनाक बीमारी ने बड़ा विस्तार ले लिया है। कैंसर अब प्रदूषण के चलते भी होने लगा है। वायु प्रदूषण से सिर्फ अस्थमा, हृदय संबंधी डिजीज, स्किन एलर्जी या आंखों की बीमारियां ही नहीं होती, बल्कि जानलेवा कैंसर भी होले लगा है। इसलिए यहां जरूरी हो जाता है कि वायु प्रदूषण से फैलने वाले कैंसर के प्रति ज्यादा से ज्यादा देशवासियों को जागरूकता किया जाए और प्रत्येक हंथकंड़ों को अपनाकर घरों-घरों तक जागरूकता फैलानी चाहिए। इस काम में सरकारों के साथ-साथ आमजन को भी भागीदारी निभानी होगी। धुंध, प्रदूषित काले बादल व प्रदूषण की मोटी चादर इस वक्त कई शहरों पर चढ़ी हुई है जिसमें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सबसे अव्वल स्थान पर है जहां का एक्यूआई लेबर गंभीर स्थिति को भी छलांग लगा चुका है। दिल्ली के अलावा देश के बाकी महानगरों का भी हाल ज्यादा अच्छा नहीं है, वहां भी लोगों को सांस लेना दूभर हो रहा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बहरहाल, कैंसर अब नए-नए रूप में उभर रहा है जिसमें दूषित वायु प्रदूषण अहम भूमिका में है। हेल्थ एक्सपट्र्स की मानें तो विषाक्त और दमघोंटू प्रदूषण कई तरीके से कैंसर को जन्म दे रहा है। रिपोर्टें बताती हैं कि प्रदूषण जब शरीर में घुसता है, तो वो सबसे पहले अंदरूनी कोशिकाओं यानी डीएनए पर प्रहार करके उन्हें डैमेज करता है जो आगे चलकर कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। इसके अलावा प्रदूषण से शरीर में इंफ्लेमेशन भी बढ़ता है और इम्यून सिस्टम को बिगाड़ता है। प्रदूषण को लेकर जो स्थिति इस वक्त समूचे हिंदुस्तान में बनी है। ऐसे में हल्के-फुल्के मरीजों के लिए ये वक्त बहुत ही खतरनाक है। ऐसे मरीजों का वायु प्रदूषण के संपर्क में आने का मतलब है कैंसर, स्ट्रोक, श्वसन, हृदय संबंधी रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं को दावत देना? डब्ल्यूएचओ की पिछले साल की एक रिपोर्ट इसी माह नवंबर में आई थी जिसमें बताया गया था कि वायु प्रदूषण से पूरे संसार में प्रतिवर्ष लगभग सात मिलियन मौतें होती हैं जिसमें भारत को दूसरे स्थान पर रखा था। स्थिति इस वर्ष भी भंयकर है।



हिंदुस्तान में पिछले तीन वर्षों में कैंसर से अपनी जान गंवाने वालों की संख्याओं पर नजर डालें तो, सन 2020 में 7,70,230 मौतें थी। जो 2021 में बढ़कर 7,89,202 हुई। वहीं, 2022 में यानी पिछले साल भारत में कैंसर से मरने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ, संख्या बढ़कर 8,08,558 पर पहुंच गई। इस साल का आंकड़ा दो महीने बाद आएगा, निश्चित रूप से वो भी डरावना ही होगा। कैंसर को लेकर जागरूकता की कोई कमी नहीं है। केंद्र सरकार से लेकर सभी राज्य सरकारें भी जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। लेकिन कैंसर है कि रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। चिकित्सकों की मानें तो कार्सिनोजेन यानी कैंसरजनक जो कैंसर फैलाने वाला पदार्थ हैं जो तंबाकू, धुआं, पर्यावरण, वायरस किसी से भी हो सकता है। मौजूदा कैंसर ज्यादातर दूषित वातावरण से ही होने लगा है। भारत में सितंबर 2014 में, राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस की शुरुआत पहली बार तबके केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा हुई। तब उन्होंने एक समिति का गठन किया और निर्णय लिया कि विभिन्न किस्म के होने वाले कैंसरों की गंभीरता, उनके लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी और प्रत्येक वर्ष नवंबर की 7 तारीख को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाया करेगा। तभी से इस खास दिवस की शुरुआत हुई। वैसे इस दिवस की प्रासंगिकता अब और बढ़ गई है, क्योंकि प्रदूषण कैंसर का कारण बन रहा है, इसका भी प्रचार करना बहुत जरूरी हो जाता है। वायु प्रदूषण से उत्पन्न कैंसर के पहला बचाव तो यही है, कि धुंध-धुआं वाले स्थानों पर अपने मुंह पर मास्क लगाकर रखें और वहां से हटने के बाद अपने हाथों और मुंह को साबुन से धोएं? भारत में कैंसर रोगियों के आंकड़ों में बीते कुछ वर्षों में तेजी से इजाफा हुआ है, जबकि, एक वक्त ऐसा भी था। जब, मात्र कुछ ही लाख कैंसर रोगी पूरे देश में होते हैं। अब ये आंकड़ा कोई एकाध लाख तक नहीं, बल्कि कई लाखों में जा पहुंचा है। जरूरत कैंसर के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जागरूकता लाने की है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, उनके अपने विचार हैं।)


# धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
## दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए। शेर की तरह सम्मान के साथ चलिए।

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**युवाओं के लिए होगी मेरा युवा भारत की स्थापना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक स्वायत्त निकाय 'मेरा युवा भारत' की स्थापना को मंज़ूरी दी गई। इसके जरिए युवाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनेगा। इसका उद्देश्य युवाओं में सेवा और कर्तव्य भाव जागृत करते हुए उनको देश और समाज हित में उपयोग करना है। उन्हें देश के साथ एकजुट होने के लिए प्रेरित करना है। 31 अक्टूबर यानी राष्ट्रीय एकता दिवस पर इसकी शुरुआत की जानी थी। राष्ट्रीय युवा नीति में 'युवा' की परिभाषा के अनुरूप 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को लाभान्वित करेगा। इस कार्यक्रम के घटक विशेष रूप से किशोरों के लिए बनाए गए हैं जिसके लाभार्थी 10 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के किशोर होंगे। यह एक सराहनीय पहल है। *- शरद जोशी, धमतरी*

## करंट अफेयर

# पाक से 6500 से अधिक अफगान नागरिक निकले

पाकिस्तान में अवैध रूप से रहे विदेशी नागरिकों को निकालने के अभियान के तहत रविवार को 6,500 से अधिक और अफगानिस्तानी नागरिकों ने तोरखम सीमा के रास्ते देश छोड़ दिया। इन्हें मिला कर पाकिस्तान छोड़ने वाले अफगान नागरिकों की कुल संख्या 1,70,000 से अधिक हो गई है। सीमा अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को एक नवंबर तक पाकिस्तान छोड़ने का आदेश देते हुए कहा था कि ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आदेश के बाद से ही इन नागरिकों की स्वैच्छिक वापसी जारी है। समाचार पत्र 'डॉन' ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि 17 सितंबर से कुल 1,74,358 अफगान नागरिक अपने देश रवाना हो चुके हैं। स्वैच्छिक वापसी जारी है और हर बीतते दिन के साथ वापस जाने वालों की संख्या घट रही है। पाकिस्तान से प्रवासियों को वापस भेजने के अभियान में शामिल एक अधिकारी ने कहा, 'प्रवासियों को दी गई समय सीमा के खत्म होने तक देश की सीमा पर प्रवासियों की बड़ी संख्या थी लेकिन अब यह घट रही है।' आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं और बच्चों समेत 6,584 अफगान नागरिकों ने रविवार को पाकिस्तान छोड़ दिया।



## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न

पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ – और डॉक्टर – पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं।



## ट्रेंड

### यह ठीक नहीं



भोजन हर इंसान के लिए जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। यह जानकर कष्ट होता है कि दुनिया के कई हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग खाली पेट सो जाते हैं। यह मानव द्वारा हासिल की आर्थिक और तकनीकी प्रगति के लिए ठीक नहीं।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### नरसंहार का समर्थन



शर्मनाक है कि 10,000 नागरिकों, जिनमें से 5000 बच्चे हैं, का नरसंहार किया गया। अस्पतालों और एम्बुलेंसों पर बमबारी की गई है। फिर भी दुनिया फिलीस्तीन में नरसंहार का समर्थन जारी रखे हुए है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### बहुत खुशी होगी



अच्छा खेले विराट कोहली। शानदार खेल का प्रदर्शन किया। ऐसे मौके पर शुरुआत में 49 से 50 तक जाने में मुझे 365 दिन लगे। मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में आप 49 से 50 पर पहुंच जाएंगे और मेरा रिकॉर्ड तोड़ देंगे। मुझे बहुत खुशी होगी। बधाई हो।


-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### नुकसान हो रहा



मुझे दुख के साथ ऑनलाइन फैलाए जा रहे मेरे फेक वीडियो के बारे में बात करनी पड़ रही है। यह हममें से हर एक के लिए बेहद डरावना है, आज प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग के कारण बहुत नुकसान हो रहा है।

-रश्मिका मंदाना, अभिनेत्री




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत

## रंगोली बनाकर मतदान करने का छात्राओं द्वारा दिया संदेश



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सांवर मल शर्मा/आसींद।** निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार खेदड़ के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आसींद प्रधानाचार्य मीना प्रतिहार सानिध्य में स्थानीय विद्यालय की छात्रा राजवीर सिंह, पूजा वर्मा, रिया जैन, निकिता पहाड़िया, पूजा, भाविका पायक, कृष्णा पायक, अंकिता खटीक, कांता रेगर, रिंकू रेगर, अंजलि द्वारा मतदाता जागरूकता रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश दिया गया । इस कार्यक्रम में मतदान संबधी जानकारी दी गयी व शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई तथा 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले युवकों को मतदान सूची में नाम जुड़वा कर मताधिकार का प्रयोग करने को कहा। व्याख्याता जीतू कंवर राठौर द्वारा प्रदत जानकारी के अनुसार सभी छात्राओं ने मतदान विषय पर एक से बढ़कर एक सुंदर रंगोली बनाई और लोगों को मतदान का संदेश दिया तथा चुनाव के दिन बूथों पर आकर अपना मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। पोस्टर व रंगोली के माध्यम से आगामी चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्थानीय विद्यालय के चंचल चौधरी बिलकिस बेबी शेख एवं मनोरम पंकज गण छात्राएं मौजूद रहे '

## लोकतंत्र की आकांक्षाएं धूल धूसरित हो रही : डॉ. कुसुम



### विधानसभा चुनावों में वायदों की अपसंस्कृति

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** मुक्त मंच की 75वीं मासिक संगोष्ठी विधानसभा चुनावों में वादों की अपसंस्कृति विषय पर हुई। परम विदूषी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य और प्रतिष्ठित भाषाविद् डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता में हुई इस गोष्ठी में आईएएस (रि.) अरूण कुमार ओझा मुख्य अतिथि थे और शब्द संसार के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने संयोजन किया। डॉ. कुसुम ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज राजनैतिक दल मतदाताओं को प्रलोभन देकर वोट हासिल करते हैं जो अनुचूति है। वर्तमान में लोकतंत्र की सभी आशाएं-अपेक्षाएं धूल धूसरित हो रही है ऐसे में मतदाता जागरूक नहीं होगा तो लोकतंत्र फलीभूत नही होगा। मुख्य अतिथि आईएएस (रि.) अरूण कुमार ओझा ने कहाकि वृहद समाज के लिए बजट की अधिकाधिक राशि खर्च की जानी चाहिए परन्तु ऐसा नहीं होता। सरकारों के लिए यह प्राथमिकता ही नहीं है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।। इंजीनियर दामोदर प्रसाद चिरानिया के कहाकि हमारे राजनीतिक दल सदाचार और नैतिकता से कोसों दूर हैं। राजनैतिक घरानों के गुप्त धन पर आश्रित हैं। वादे जन अपेक्षाओं के अनुरूप होने चाहिए। आईएएस (रि.) ए.आर. पठान ने कहा कि अमीरी-गरीबी का अन्तर बढ़ता जा रहा है। पिछड़ों की कोई सुनवाई नहीं होती। बडे.घरानों के कर्जे माफ कर दिए जाते हैं। संगठित वर्ग अपने संख्या बल पर लाभ उठा लेते हैं और असंगठित वर्गों की उपेक्षा की जाती है। अमीरों पर वैल्थ टैक्स लगाकर गरीबों को ऊंचा उठाने के लिए साधन मुहैया करवाए जाने चाहिए। प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गर्ग ने कहा कि हम तिहरी गुलामी का बोझा ढो रहे हैं इसलिए कुंठित हैं और आज भी ह्यफ्रीबीजह्य की ही ग्रंथी से देखते हैं जबकि सामाजिक सरोकार सर्वोपरि होने चाहिए। डॉ. सुभाषचन्द्र गुप्त ने कहा कि राजनेता जनता को भरमाने के लिए पहले तो वायदे करते हैं और उनका लाभ उठाकर सा में आने के बाद जुमले करार दे देते हैं। सामान्य सुविधाओं के लिए भी आमजन के कामों में तरह-तरह के अडंगे लगाए जाते हैं जबकि सुविधाएं लेने हेतु नियमों को सरल बनाया जाना चाहिए। वांग्मय प्रकाशन के राजेश अग्रवाल ने कहा कि हमारे यहां तो ऋण लेकर घी पीने की परम्परा रही है और सरकारें भी यही कर रही है। गरीब तबके की पीड़ा को लेकर किसी को कोई चिंता नहीं है। पूर्व बैंकर इन्द्र भंसाली ने कहा कि में बैठे नेता भव्य और दिव्य जीवन जीते हैं और करों के रूप में जनता की गाढ़ी कमाई पर सभी सुविधाएं भोगते हैं। दूसरी ओर जनता को मुफ्त सुविधाएं प्रदान कर राजकोष पर भार डालते हैं। इस हेतु जनता का जागरूक होना नितान्त आवश्यक है। प्रखर पत्रकार-विचारक सुधांशु मिश्र ने कहा कि सरकारें कर्जा चुकाने के लिए कर्ज ले रही हैं। हम जो चीजें स्वदेश में बना सकते हैं उनका भी अन्य राष्ट्रों से आयात करते हैं। हमारी संवैधानिक संस्थाएं दबाव में है जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने कहा कि अपने अधिकारों के लिए लोकतंत्र में जनमत को जागृत किए जाने की जरूरत है। स्वयंसेवी संस्थाओं को यह जिम्मेदारी उठानी होगी। शिक्षा और चिकित्सा सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। गोष्ठी के संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा ने कहाकि राजनीति को धर्म से जोड़ा जा रहा है और साधु-संतों को प्रत्याशी बनाया जा रहा है। धर्म के आधार पर मतदाताओं को भ्रमित और प्रभावित किया जा रहा है। मतदाताओं को प्रलोभन देना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। सर्वश्री यशवंत कोठारी, आरडी अग्रवाल, ललित अकिंचन अरुण ठाकर, डॉ. जीके श्रीवास्तव, पत्रकार निर्मला राव, सुमन ने भी विचार व्यक्त किए। आईएएस विष्णुलाल शर्मा ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

## जयपुर में सुबह हल्के बादल छाए:रात का तापमान 23 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान समेत उत्तर भारत के राज्यों में कल से फिर मौसम बदल सकता है। उत्तर भारत में आज रात से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से राजस्थान के उत्तरी हिस्सों में कल बादल छा सकते हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि ये सिस्टम बहुत ज्यादा स्ट्रोंग नहीं है। इस कारण के इसके प्रभाव से जम्मू-कश्मीर लद्दाख एरिया में हल्की बारिश, बर्फबारी हो सकती है। जबकि उत्तर भारत के दूसरे राज्यों में बादल छा सकते हैं।

### अध्यक्ष रमेश चलावरिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया

# बगरू महिला महाविद्यालय में विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** बगरु महिला पी. जी. महाविद्यालय (बी.ए. बी.एड. चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्स) में विदाई समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय अभिभावक प्रतिनिधि बन्नालाल चलावरिया, सचिव एस. एल. चलावरिया, अध्यक्ष रमेश चलावरिया, कोषाध्यक्ष डॉ. सज्जन चलावरिया, प्राचार्य डॉ. मिथिलेश गुप्ता, डॉ. नीता गुरबानी एवं श्रीमती सुनिता भार्गव ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। महाविद्यालय की बी.ए.बी.एड. तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा बी.ए. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्राओं का तिलक लगाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक मनमोहक नृत्य एवं गायन की प्रस्तुतिया दी गई। इस अवसर पर चर्तुथ वर्ष की छात्राओं ने समस्त प्रबंध समिति के सदस्यों एवं महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया। इस दौरान तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा चतुर्थ वर्ष की छात्राओं के लिए फनी गेम्स प्रतियोगिता रखी गई । फनीगेम्स के अंतर्गत बैलून प्रतियोगिता में अपर्णा शर्मा विजयी रही। बैलून उडाते हुए शर्ट पहनने की प्रतियोगिता में हिना कुमावत एवं कल्पना विजयी रही। महाविद्यालय प्रबंध समिति सचिव एस.एल.चलावरिया ने चर्तुथ वर्ष की छात्राओं को अध्ययन कार्य निरन्तर जारी रखने एवं दृढ निश्चय के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का संदेश दिया। अध्यक्ष रमेश चलावरिया ने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर सभी स्टॉफ सदस्यों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का मंच संचालन महाविद्यालय की बी.ए. बी.एड. की छात्राएँ मोहिता दाधीच एवं चिंकी सामोता ने किया।





### निर्दलीय ठोकी ताल...

## सीकर उप जिला प्रमुख धायल ने हजारों समर्थकों के साथ भरा नामांकन

### नामांकन सभा एवं रैली में उमड़ा भारी जनसैलाब

**धायल बोले :** मेरी जीत सीकर की जनता की जीत होगी, लोगों ने अब बदलाव का मन बना लिया है



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है। सीकर जिले के उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल ने सोमवार को निर्दलीय ताल ठोक दी है। ताराचंद धायल ने हजारों कार्यकताओं के साथ रिटर्निंग अधिकारी के ऑफिस पहुंचकर नामांकन दाखिल किया है। गौरतलब है कि ताराचंद धायल सीकर से भाजपा की टिकट की मांग की दावेदारी कर रहे थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिलने के बाद वें निर्दलीय ताल ठोक रहे हैं। ताराचंद धायल का कहना है कि वह इस सीट के लिए योग्य उम्मीदवार थे, ऐसे में नाराज होकर कार्यकताओं के साथ रामलीला मैदान से रैली द्वारा रिटर्निंग अधिकारी सीकर ऑफिस पहुंचे और निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है।





## कर्ज माफी का झूठ बोलकर कांग्रेस सत्ता में आई : राजे



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बहरोड़ (प्रवीण यादव)।** कांग्रेस की सरकार राजस्थान में बेरोजगारों को भत्ता देने और किसानों का पूरा कर्ज माफ करने का झूठ बोलकर सरकार बनाई थी लेकिन 5 साल बीत जाने के बाद भी न तो बेरोजगारों को भत्ता दिया और न ही किसानों और गरीबों का कर्ज माफ किया। ऐसी सरकार अब और ज्यादा दिन नहीं रहेगी। यह बात राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने सोमवार को बहरोड़ से भाजपा प्रत्याशी डॉ जसवंत यादव की विशाल जनसभा में अपने उद्बोधन के दौरान कही। ग्यारह बजे से ही पांडाल में भारी भीड़ का जुटना शुरू हो गया था। सभा में आई गाड़ियों से शहर में जाम की स्थिति बन गई जिसे खुलवाने में पुलिस प्रशासन लगा रहा। इस दौरान राजे ने अपने कार्यकाल की योजनाओं एवं सुशासन की बात करते हुए बताया की उन्होंने एक सपना देखा था की ईस्टरन राजस्थान कैनाल का प्रोजेक्ट का, अगर प्रोजेक्ट बन जाता तो उसमे चंबल का पानी राजस्थान के तेरह जिलों की जनता के काम आता उन्हे पीने के लिए पानी, सिंचाई सहित उधोगो के काम आता। लेकिन कांग्रेस सरकार इस स्कीम को राजनीतिक रूप से फंसा दिया जिससे यह स्कीम आगे नहीं बढ़े इस सरकार की जनता के प्रति सोच अच्छी नहीं है। आज आए दिन कम उम्र की बच्चियों के साथ गैंग रैप हो रहे है। महिलाओं पर अत्याचार के लिए राजस्थान देश में नंबर वन हो गया है। 19 हजार से ज्यादा किसानों की जमीन कुर्क कर दी गई 350 से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली है। राजे ने कांग्रेस सरकार पर परीक्षाओं के पेपर लीक, बेरोजगारी भत्ता, लूटपाट, भ्रष्टाचार सहित नेताओ को उनके इलाके में खुली छूट देने के का आरोप भी सरकार पर लगाया। वही राहुल गांधी का बिना नाम लिए कहा की वे आए और जनता के सभी कर्ज माफ करने की बात कही। लेकिन पांच साल निकल गए इस विश्वास में मगर कर्ज माफ नही हुआ। उन्नीस बार पेपर लीक सिर्फ राजस्थान में हुआ है।

लेकिन बीजेपी की सरकार में कोई पेपर लीक नही होगा उसकी हम समुचित व्यवस्था करेंगे। कांग्रेस शासन में कोई सड़क नही है गौरवपथ नही, स्कूल है तो टीचर नही है अस्पताल है तो डॉक्टर नही, भाजपा ने हर पंचायत स्तर पर गौरव पथ बनाया, सभी स्कूलों में टीचर लगाए, बिजली बीस बाइस घंटे मिलती थी ग्रामीण क्षेत्रो में, पांच से छह किसानों के लिए दी जाती थी इस दौरान केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य सुधा यादव, हरियाणा बावल से विधायक बनवारीलाल, नांगल चौधरी से ओमप्रकाश यादव, हरियाणा के पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा, रेवाड़ी से पूर्व मंत्री विक्रम यादव सहित अन्य वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया और बहरोड़ भाजपा प्रत्याशी को जिताने सहित चुनावों में कमल के फूल पर वोट देने को कहा। भाजपा प्रत्याशी एवम पूर्व मंत्री डॉ जसवंत यादव ने कहा की उन्होंने पिछले कार्यकाल में खूब काम किए थे क्षेत्र का विकास मेरे लिए सर्वोपरि था इसलिए उन्हे टिकट जनता की आवाज पर मिला है। इस अवसर पर भाजपा अलवर जिला अध्यक्ष उमेद भाया, मंडल अध्यक्ष संजय मीर, नीलम यादव, महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता डॉ शानू यादव, मोहित यादव, देवेंद्र यादव, पार्षद संजय शर्मा, रामनरेश यादव, कमल यादव होंडा, सुधीर यादव सहित बीजेपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जूली बोले दिल्ली के हुकुमरानो को राजस्थान की जनता देगी करारा जवाब

# कांग्रेस प्रत्याशी जूली की नामांकन रैली एवं आशीर्वाद जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** कांग्रेस प्रत्याशी एवं केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने आज निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद कटीघाटी स्थित होटल गोल्डन बाग में आशीर्वाद जनसभा का आयोजन पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में एवं टीकाराम जूली को आशीर्वाद व समर्थन देने पहुंचे हजारों की संख्या में जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह नामांकन सभा से पहले ही कांग्रेस प्रत्याशी जूली का जीत का जश्न है। जिला प्रमुख पद से कांग्रेस पार्टी के कारवां को आगे बढ़ाने के लिए टीकाराम जूली ने मजबूत स्तम्भ की तरह काम किया है। उन्होंने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र को ऐतिहासिक विकास कार्यों की विशेष सौगात दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जनकल्याणकारी योजनाओं से राजस्थान में इस बार रिवाज बदलते हुए कांग्रेस पार्टी बहुमत से सरकार बनायेगी। कांग्रेस प्रत्याशी टीकाराम जूली ने कहा कि मैंने अपने राजनैतिक जीवन में नेता नहीं बल्कि बेटा बनकर जनता-जनार्दन की सेवा की है। विधानसभा का यह चुनाव टीकाराम जूली नहीं बल्कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र का प्रत्येक मदाता लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने जहां गरीब का चूल्हा जलाया है वहीं सभी वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाऐं संचालित की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बैठे हुकमरानों को इस बार राजस्थान की जनता करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बनाए गए संविधान से छेड़छाड करने वाले भारतीय जनता पार्टी के इन नुमांइदों को जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि यह देश बुलडोजर से नहीं बल्कि प्यार और सौहार्द्र से चलेगा।







### रास्ते में विभिन्न संगठनों एवं समाजों ने किया स्वागत

गोल्डन में हुई जनसभा के बाद उपस्थित जनसमूह रैली के रूप में तब्दील हो गया। सभा स्थल से नामांकन स्थल तक कांग्रेस का झंडा हाथ में थामे जूली के समर्थकों का काफिला नजर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में सनराईज रिसोर्ट सुरेश चंद ईशवाना, मीणा समाज, धानका समाज, सर्वसमाज, संत श्री दुर्बलनाथ जयंती एवं विवाह समारोह समिति ने अलग-अलग स्थानों पर जूली का स्वागत किया।



### रैली में बड़ी संख्या में शामिल हुई महिलाऐं

कांग्रेस प्रत्याशी टीकाराम जूली की नामांकन रैली में जहां पुरूष हाथ में पार्टी का झंडा थामे रैली की अगुवाई कर रहे थे वहीं बडी संख्या में पहुंची महिलाओं ने भी जोशीले नारों के साथ रैली में चार चांद लगा दिए। मीणावाटी एवं गुर्जरवाटी गानों पर 3 दिसम्बर से पहले ही जूली की जीत का महिलाऐं जश्न मनाती नजर आई।

### भावुक हुए कांग्रेस प्रत्याशी जूली

अलवर ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी टीकाराम जूली ने नामांकन पत्र दाखिल करने एवं आशीर्वाद जनसभा से पहले उनकी माताजी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। जूली अपनी मां से गले मिलकर एवं जनसभा से जनसमूह को सम्बोधित करते हुए भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू छलक पडे। सहज और सरल अंदाज में जूली ने मंच पर अपनी झोली फैलाते हुए कहा कि यह चुनाव मेरा नहीं बल्कि मेरा सिरमौर ग्रामीण क्षेत्र की जनता का है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, ब्लॉक अध्यक्ष जफरू खान, नरेन्द्र सावित्री मीना, डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर, उपप्रधान महेश सैनी, हट्या खान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सतीश पटेल, मेव पंचायत संरक्षक शेर मोहम्मद, नगर पालिका चेयरमैन हिम्मत सिंह चौधरी, संजय गर्ग, राजेंद्र व्यास, संजीव बारेठ, पप्पू सैनी सहित बड़ी संख्या में सरपंच, उपसरपंच, ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, जिला परिषद् सदस्य, पंचायत समिति सदस्य सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## विधान सभा आम चुनाव 2023

# चौमूं विधानसभा सीट के लिए 11 उम्मीदवारों ने भरे 14 नामाकंन पत्र

### कैलाश राज सैनी ने तीन, मनीष बागोरिया ने दो एवं शेष नो उम्मीदवारों ने एक- एक भरा नामांकन पत्र






**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर ) ।** राजस्थान प्रदेश में आगामी 25 नवम्बर 2023 शनिवार को होने जा रहे विधान सभा आम चुनाव 2023 को लेकर प्रदेश की 200 सीटों के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई ।जिसमें जयपुर ग्रामीण के चौमूं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र ( 43 ) की सीट के लिए रिर्टनिंग अधिकारी व चौमूं उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़ के दिशा निर्देशन में नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई ।रिटर्निंग अधिकारी राजेश जाखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि चौमूं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र ( 43 ) की सीट के लिए 10 अभ्यार्थियों द्वारा 14 नामाकंन पत्र दाखिल किए गये है ।जिनमें क्र सं. 1 से 7 तक के प्रत्याशी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दल से क्रम संख्या 8 व 9 के प्रत्याशी पंजीकृत राजनीतिक दल से क्र सं 10 व 11 के प्रत्याशियो ने निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में नामांकन किया है । नामांकन पत्रों में निर्दलीयों ,भारतीय स्वदेशी सेवा एवं भारतीय हिंदू सेना द्वारा प्राथमिकता के आधार पर चुनाव चिह्नों की मांग की गई है जिनमें सें कोई एक चुनाव चिन्ह उन्हे आवंटित किया जा सकता है । उक्त सभी नामांकन पत्रों की मंगलवार 7 नवंबर को रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष जांच की जाएगी । इसके बाद 9 नवंबर को नाम वापसी का अंतिम दिन है। नाम वापसी के बाद शेष रहे उम्मीदवारों चुनाव चिह्नों का आवंटन होगा ।



**इन 11 उम्मीदवारों ने 14 नामाकंन किए दाखिल**

| क्र. उम्मीदवार का नाम | दल (चुनाव चिह्न ) |
|---|---|
| 1. कैलाश राज सैनी | इंडियन नेशनल कांग्रेस (हाथ) |
| 2. छुट्टन लाल यादव | राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी |
| 3. मनीष बागोरिया | इंडियन नेशनल कांग्रेस(हाथ) |
| | निर्दलीय (घड़ी, टेलीफोन, लैपटॉप) |
| 4. रामलाल शर्मा | भाजपा( कमल का फूल) |
| 5. शिखा मील | इंडियन नेशनल कांग्रेस(हाथ) |
| 6. सुमन | आम आदमी पार्टी (झाडू) |
| 7. हेमन्त | आम आदमी पार्टी (झाडू) |
| 8. अशोक चौधरी | भारतीय स्वदेशी कांग्रेस |
| 9. लालाराम चौधरी | भारतीय हिंदू सेना ( ट्रक,टायर,पेट्रोल पंप ) |
| 10. विनोद कुमार गोदावरा | निर्दलीय (हवाई जहाज, रोड रोलर,अलमारी ) |
| 11. सुनील कुमार यादव | निर्दलीय (हवाई जहाज, जग,इंजन ) |

## श्री रामगढ़ भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा विशाल रैली के साथ पहुंचे नामांकन करने, नामाकंन किया दाखिल

### हजारों की संख्या में दिखे समर्थक लगाए नरेंद्र मोदी के जयकारे, दिखाई अपनी ताकत




**नामांकन में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधि ज्ञान देव आहूजा रहे मौजूद**



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**युवराज शर्मा (अलवर)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से सोमवार को रामगढ़ विधानसभा से प्रत्याशी जय आहूजा ने नामांकन दाखिल किया। जय आहूजा ने केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री भारत सरकार अर्जुन मेघवाल ,राष्ट्रीय प्रतिनिधि ज्ञानदेव आहूजा, पूर्व विधायक रामहेत यादव, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पाटा, भारतीय जनता पार्टी अलवर दक्षिण जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला महामंत्री राम अवतार चौधरी, टोडली आश्रम ब्रह्म मुनि महाराज के साथ उपखंड अधिकारी रामगढ़ कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल करवाया। नामांकन दाखिल करने से पूर्व जय आहूजा द्वारा गोविंदगढ़ मोड़ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया और उसके बाद चुनाव कार्यालय से लेकर रामगढ़ के मुख्य बाजारों से रैली निकालकर उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंच कर नामांकन भरा। रामगढ़ प्रत्याशी जय आहूजा की नामांकन रैली में हजारों की संख्या मे पहुंची भीड़ ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जय आहूजा जिंदाबाद, रामगढ़ मांगे जय आहूजा जैसे नारे लगाकर अपना जोश बताया। जय आहूजा की नामांकन रैली में मुख्य बाजार मे व्यापारियों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई।

## छात्राओं ने रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम किया रोशन



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**सुनील कुमार पाराशर।** राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 में राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय की खेलकूद प्रभारी डॉ. कविता साहनी ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की ओर से पूजा जाट ने 100 मीटर दौड़ व 400 मीटर दौड़, आरती जाट ने 1500 मीटर दौड़ वह 100* 4 मीटर रिले दौड़ , अनीशा शर्मा ने 100 मीटर बाधा दौड़, अनीता मीणा ने लंबी कूद एवं डिस्कस थ्रो , मोनिका ड्यूडी ने 100 मीटर एवं 100*4 रिले दौड़ , सपना कुमावत ने 5000 मीटर दौड़ , मनीषा चांदोलिया ने 5000 मीटर दौड़ एवं ऊंची कूद और अनुश्री चौधरी ने हेमर थ्रो में शानदार प्रदर्शन किया। पूजा जाट ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया और अनुश्री चौधरी ने हेमर थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। मनीषा चंदोलिया ने ऊंची कूद में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र कुमार के सानिध्य में पूजा जाट एवं अनुश्री चौधरी का माल्यार्पण कर महाविद्यालय संघ का सदस्य द्वारा छात्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ कविता गौतम, डॉ हेमलता आंकोदिया, डॉ दीपाली जैन, शमशेर खान, शिव सैनी उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र कुमार ने सभी छात्राओं एवं खेल प्रभारी डॉ. कविता साहनी को बधाई देते हुए उनके द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

## जीवन रक्षति चैरिटेबल ट्रस्ट का सेवाकार्य एक वर्ष का हुआ पूर्ण

### 1 वर्ष पूर्ण होने पर बच्चों में वितरित किए फल






**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** सामाजिक, शारीरिक, मानसिक सेवा व शिक्षा के उच्च संस्कार के साथ गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए जीवन रक्षति चैरिटेबल ट्रस्ट किशनगढ़ रेनवाल नगर पालिका परिक्षेत्र में सेवा कार्य कर रहा है चैरिटेबल ट्रस्ट शारीरिक बीमारी होने पर निशुल्क परामर्श देने के साथ आयुर्वेदिक औषधि भी देता है प्रातः काल योग भी सिखाया जाता है इसके अंतर्गत प्राणायाम, आसन व विभिन्न प्रकार की योग क्रियो का प्रशिक्षण दिया जाता है चैरिटेबल ट्रस्ट इन सेवाओं के साथ ही गो सेवा व जरूरतमंदों की सेवा भी करता है पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए पौधारोपण करता है रजिस्टर्ड होने के बाद ट्रस्ट ने अपने एक वर्ष का सेवाकाल पूर्ण होने पर स्थानीय श्रीमती सुंदर देवी सांगाका महात्मा गांधी विद्यालय में बच्चों को फल वितरित किए गए इस अवसर पर ट्रस्ट के व्यवस्थापक रमेंन्द्र कुमार नटवाड़िया ,अध्यक्ष लक्ष्य शर्मा, डॉ राहुल प्रजापत, सुनील कुमावत, मनोज नोगिया, गजानंद, मुकेश, मोहन, खेमचंद, व अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# गहलोत सरकार को अपने 5 साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करना था, लेकिन उन्होंने जनता को 7 झूठी गारंटियों में उलझा दिया : राखी राठौड़

### जिस तरह कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की गारंटियों की पोल खुली, वो ही हाल राजस्थान में होगा: राठौड़

### पांच साल पहले प्रदेश में बिजली की दरें प्रति यूनिट 5 रुपए 55 पैसे थी, कांग्रेस ने इसे बढ़ाकर 11 रुपए 90 पैसे कर दिया : सीए सुरेश गर्ग




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ और सीए सुरेश गर्ग ने भाजपा मीडिया सेंटर पर प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस सरकार द्वारा पिछले पांच सालों में जनता से किए झूठे वादों की पोल खोली। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार के पांच साल का कार्यकाल जनता ने देखा है। कांग्रेस सरकार द्वारा 2018 विधानसभा चुनावों में किए गये वादे आज तक अधुरे है और अब जब सरकार जा रही है तो मुख्यमंत्री गहलोत फिर से झूठी गारंटी जनता को दे रहे है। इसके बजाए मुख्यमंत्री गहलोत को अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश करना चाहिए। आज प्रधानमंत्री अगर जनता के बीच जाकर रिपोर्ट कार्ड पेश कर रहे है तो उन्होंने वो कार्य कर ?के दिखाये है। पीएम मोदी ने अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक का काम किया है और लक्ष्य तक कर उसे पूरा किया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 2018 में जारी किए घोषणा पत्र को जन घोषणा पत्र बनाकर पेश किया और 10 दिनों में किसानों का कर्जा माफ करने का वादा किया, लेकिन कर्जा माफी तो दूर 19500 किसानों की जमीन नीलाम करवा दी। 2 हजार से अधिक किसानों ने आत्महत्या कर ली। कांग्रेस सरकार ने सभी वर्ग फिर चाहे महिला हो, दलित हो, युवा, छात्र, किसान या फिर पत्रकार ही क्यों ना हो, सबके साथ धोखा किया है। सभी वर्गों के साथ गहलोत सरकार ने झूठे वादे किए जो आज तक पूरे नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने लैपटॉप देने का वादा विधानसभा में किया था, वो आज तक पूरा नहीं किया। पत्रकारों को भूखण्ड देने के नाम पर 10-10 हजार रुपए जमा करवा लिए और उस योजना का क्या किया वो सबके सामने है। ऐसे में यह तय है कि कांग्रेस की झूठी गारंटी से सब परेशान है। राजस्थान में झूठी कांग्रेस और उसकी गारंटी भी झूठी है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड ने कहा कि 2018 जन घोषणा पत्र की बात करें तो आज तक उनकी कोई भी योजना धरातल पर नहीं आई। कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में चुनावों के दौरान लोगों को कई योजनाओं की गारंटियां दी, लेकिन वहां भी आज तक उन गारंटियों को पूरा नहीं किया। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार आते ही डीजल पर 3 रुपए वैट बढ़ा दिया गया, जिससे डीजल पर वैट 10 रुपए के पार हो गया। कांग्रेस सरकार ने 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, 22 लाख महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की ओर से दिये जाने वाले 1300 रुपए भी बंद कर दिए। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में सरकार बनने के बाद 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का झूठा वादा किया, लेकिन सरकार बनने के 1 साल बाद भी वादे को पूरा नहीं किया।

युवाओं के लिए 680 करोड रुपए का स्टार्टअप फंड शुरू करने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार ने इसे भी पूरा नहीं किया। इसी तरह राजस्थान के युवा भी 5 साल से बेरोजगारी भत्ते का इंतजार कर रहे है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने चुनाव से पहले गृह ज्योति योजना, मुक्त बिजली का वादा किया था लेकिन सरकार बनते ही 3 रुपए प्रति यूनिट बिजली के दाम बढा दिए। अन्न भाग्य योजना में 10 किलो चावल देने की घोषणा की थी, जो धरातल पर क्रियान्वित ही नहीं हुई। कांग्रेस ने 3 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी, लेकिन एक भी बेरोजगारों को पैसा नहीं मिला। राजस्थान में कांग्रेस नई गारंटियों की बात कर रही है और पिछली गारंटियों पर चर्चा ही नहीं कर रही है। राजस्थान की वित्तीय स्थिति बहुत खराब है। सरकारी अधिकारियों से जब बात करते है तो यह चिंता रहती है कि अगले माह की सैलरी कहां से आएगी। रोडवेज में कई –कई माह तक कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलता, पेंशन नहीं मिलती।

सीए सुरेश गर्ग ने कहा कि पिछले दिनों अशोक गहलोत सरकार ने झूठ का विज्ञापन छपवाया, जिसमें कहा गया कि उज्जवला योजना के तहत 1150 रुपए का सिलेण्डर 500 रुपए में दिया जाएगा, जबकि केंद्र सरकार पहले से ही उस सिलेण्डर को 606 रुपए में दे रही है। इसके बाद कहा कि 18 लाख लाभार्थियों को 74 करोड़ रुपए गहलोत सरकार दे रही है, जबकि पूर्व में कांग्रेस सरकार ने उज्जवला गैस योजना के लाभार्थियों की संख्या 76 लाख बताई थी। तो फिर इनमें से किन 18 लाख को चुनकर ये 74 करोड रुपए दिए गए। राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने मुफ्त बिजली का दावा करके बीते पांच सालों में अलग-अलग टैक्स लगाकर नौ बार बिजली की दरों को बढ़ाया। पांच साल पहले प्रदेश में प्रति यूनिट 5 रुपए 55 पैसे की दर थी जिसे बढ़ाकर कांग्रेस ने 11 रुपए 90 पैसे कर दिया। 100 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा और गारंटी का दावा इसलिए भी खोखला है, क्योंकि लोगों के हाथों में बढ़े हुए बिजली के बिल थमा दिये गये। इन पांच सालों में सबसे ज्यादा बिजली कटौती की गई गांवों में प्रतिदिन 8-9 घंटे अघोषित बिजली कटौती का दंश प्रदेश की जनता ने झेला है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की श्रीलंका पर पहली जीत

# शंटो-शाकिब के अर्धशतक, बांग्लादेश ने श्रीलंका को तीन विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नजमुल हुसन शंटो और कप्तान शाकिब अल हसन के अर्धशतक तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी से बांग्लादेश ने सोमवार को यहां चरिथ असलंका के शतक पर पानी फेरते हुए श्रीलंका को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया और अपनी चैंपियन्स ट्रॉफी में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी। बांग्लादेश ने इस जीत के साथ लगातार छह हार के क्रम को भी तोड़ दिया। टीम अब आठ मैच में दो जीत से चार अंक के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई है। श्रीलंका भी आठ मैच में दो जीत से चार अंक के साथ आठवें स्थान पर है। पाकिस्तान और आईसीसी विश्व कप 2023 की शीर्ष सात टीम पाकिस्तान में 2025 में होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेंगी। श्रीलंका के 280 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शंटो (90 रन, 101 गेंद, 12 चौके) और शाकिब (82 रन, 65 गेंद, 12 चौके, दो छक्के) के बीच तीसरे विकेट की 149 गेंद में 169 रन की साझेदारी की मदद से 41.1 ओवर में सात विकेट पर 282 रन बनाकर जीत दर्ज की। यह साझेदारी श्रीलंका



के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में बांग्लादेश की किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। श्रीलंका के लिए दिलशान मदुशंका (69 रन पर तीन विकेट), एंजेलो मैथ्यूज (39 रन पर दो विकेट) और महीश तीक्षणा (44 रन पर दो विकेट) ने उम्दा गेंदबाजी की लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। श्रीलंका की टीम इससे पहले चरिथ असलंका (105 गेंद में 108 रन, पांच छक्के, छह चौके) के करियर के दूसरे शतक के बावजूद 49.3 ओवर में 279 रन पर सिमट गई। असलंका ने धनंजय डिसिल्वा (34) के साथ छठे विकेट के लिए 78 और सदीरा समरविक्रम (41) के साथ चौथे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। बांग्लादेश की ओर से तेज गेंदबाज तंजीम हसन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 80 रन देकर तीन विकेट चटकाए। शरीफुल इस्लाम (52 रन पर दो विकेट) और कप्तान शाकिब अल हसन (57 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। मैच के दौरान हालांकि विवाद भी हो गया जब श्रीलंका के अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज (00) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 'टाइम आउट' होने वाले पहले बल्लेबाज बने। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। तंजीद हसन (09) पारी के तीसरे ओवर में ही तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की गेंद पर निसांका को आसान कैच दे बैठे। इसी ओवर में लिटन दास भी भाग्यशाली रहे जब फाइन लेग पर कुसाल परेरा ने उनका कैच टपका दिया।

लिटन ने कासुन रजिता पर लगातार दो छक्के मारे लेकिन मदुशंका ने उन्हें पगबाधा कर दिया। उन्होंने 23 रन बनाए। शाकिब भी सात रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब मैथ्यूज की गेंद पर असलंका ने शॉर्ट एक्सट्रा कवर पर उनका कैच टपका दिया। शाकिब ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए दुष्मंता चमीरा के ओवर में छक्का और चौका जड़ा। शाकिब ने तीक्षणा पर भी लगातार दो चौके मारे जबकि नजमुल हसन शंटो ने रजिता पर लगातार दो चौकों के साथ 18वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। शंटो ने मैथ्यूज पर लगातार दो चौकों के साथ 59 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि शाकिब ने चमीरा पर चौके के साथ 47 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की।

### 50 ओवर के पहले आउट

श्रीलंका टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 50 ओवर नहीं खेल पाई। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने 279 रन बोर्ड पर लगा दिए। 49.3 ओवर में श्रीलंका 279 रन पर ऑल आउट हो गई। सर्वाधिक 108 रन चरिथ असलंका ने बनाए। इसके अलावा पाथुम निसांका और सदीर समारविक्रमा ने 41-41 रन बनाए।

**शीर्ष स्कोरर**



क्विंटन डिकॉक
550 रन
दक्षिण अफ्रीका

**शीर्ष विकेट टेकर**



मदुशंका
21 विकेट
श्रीलंका

### वर्ल्ड कप : अंक तालिका

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 16 |
| द. अफ्रीका | 8 | 6 | 2 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 5 | 2 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 8 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 4 |
| श्रीलंका | 8 | 2 | 6 | 4 |
| नीदरलैंड्स | 7 | 2 | 5 | 4 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | 2 |

क्रिकेट...



# पोंटिंग ने कहा, विराट कोहली दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि विराट कोहली अपने संपूर्ण रिकॉर्ड के आधार पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। कोहली ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 101 रन बनाकर तेंदुलकर के वनडे में 49 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की। इस शतक से उन्होंने फिर से साबित कर दिया कि वह वर्तमान समय में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। पोंटिंग ने आईसीसी वेबसाइट से कहा, 'इसने कोई संदेह नहीं कि वह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है और मैं लंबे समय से यह बात कह रहा हूं। उन्हें इसके लिए सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करने की जरूरत नहीं थी। उन्हें इसके लिए रिकॉर्ड तोड़ने की जरूरत नहीं है।अगर आप उनके संपूर्ण रिकॉर्ड पर गौर करो तो वह अद्वितीय है।'

### भावनाओं को काबू में रखना मेरे खेल का अहम हिस्सा

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 49वां शतक लगाकर महान सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले विराट



कोहली ने कहा कि अपनी भावनाओं को काबू में रखकर शांतचित बने रहना उनके खेल का अहम हिस्सा है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'मैं हमेशा अपनी भावनाओं और संवेदनाओं को काबू में रखना चाहता हूं। यह मेरे खेल का अहम हिस्सा है। इसलिए मैच से पहले मैं इसको लेकर सचेत रहता हूं।'

### भारत और दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल



ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि उनकी टीम ने विश्व कप में सही समय पर अपना चरम हासिल किया है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि भारत और दक्षिण अफ्रीका को हराना बेहद मुश्किल होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं तथा ऑस्ट्रेलिया मंगलवार को यहां होने वाले मैच में अफगानिस्तान पर जीत दर्ज करके अंतिम चार में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनने की कोशिश करेगी।

### हमारा फोकस अपने खेल पर : राठौड़



**कोलकाता।** विश्व कप में अभी तक सभी आठ मैचों में एकतरफा जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि टीम सेमीफाइनल के प्रतिद्वंद्वी को लेकर चिंतित नहीं है। फाइनल की प्रबल दावेदार दक्षिण अफ्रीका को यहां ग्रुप मैच में 243 रन से हराने के बाद राठौड़ ने मिश्रित जोन में कहा, 'हम अच्छा क्रिकेट खेलने पर फोकस कर रहे हैं। जब तक नतीजे मिल रहे हैं, हम इसी तरह खेलते रहेंगे। इस टूर्नामेंट में अच्छी बात यह रही है कि हमने सिर्फ अपनी क्रिकेट पर फोकस किया है । हम विरोधी टीम के बारे में नहीं सोच रहे और आगे भी वही करेंगे।'

## खबर संक्षेप



### भारत से मिली हार आंख खोलने वाली

**कोलकाता।** विश्व कप के ग्रुप चरण में भारत से मिली हार दक्षिण अफ्रीका के लिए आंख खोलने वाली रही और उसके स्पिनर केशव महाराज ने उम्मीद जताई कि फाइनल में मेजबान से संभावित भिड़ंत से पहले उनकी टीम अपनी गलतियों में सुधार करेगी। महाराज ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह अच्छा ट्रायल रहा। उम्मीद है कि वे सेमीफाइनल के बाद टूर्नामेंट में आगे बढ़े। हमें उन विभागों को देखना होगा जिसमें हम बेहतर कर सकते हैं।' भारत पहले ही तालिका में शीर्ष पर काबिज है और दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष तीन में रहने की उम्मीद है।

### रूस ने निलंबन के खिलाफ अपील की

**लुसाने।** रूस की ओलंपिक समिति ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा पिछले महीने उसे निलंबित किए जाने के फैसले को खेल पंचाट में चुनौती दी है। रूस ने पूर्वी यूक्रेन के चार क्षेत्रों के खेल परिषदों को अपने सदस्यों के रूप में शामिल किया था, जिसे आईओसी ने ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन करार देकर रूस की ओलंपिक समिति को निलंबित कर दिया था।

### स्वियाटेक डब्लूटीए फाइनल्स जीतने से बनेंगी वर्ल्ड नंबर-1

**कैनकन।** इगा स्वियाटेक ने आर्यना सबालेंका की चुनौती से पार पाकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई, जिसे जीतने पर वह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बन जाएगी।



बारिश के कारण सेमीफाइनल का यह मुकाबला शनिवार को पूरा नहीं हो पाया था और इसे रविवार को खेला गया। स्वियाटेक ने हालांकि सबालेंका को सीधे सेट में 6-3, 6-2 से हराया। पोलैंड की 22 वर्षीय खिलाड़ी और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियाटेक फाइनल में अमेरिका की पांचवी वरीय जेसिका पेगुला का सामना करेगी। साल की इस आखिरी प्रतियोगिता में अगर वह ट्रॉफी जीतने में सफल रहती है तो फिर सबालेंका की जगह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बन जाएगी।

# वैशाली, विदित ने जीता फिडे ग्रैंड स्विस खिताब

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई



एजेंसी ▶▶| आइल ऑफ मैन

आर वैशाली और विदित गुजराती ने भारत को दोहरी सफलता दिलाते हुए फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और ओपन वर्ग के खिताब जीते तथा प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया।

वैशाली ने रविवार की रात को खेले गए 11वें और अंतिम राउंड में मंगोलिया की बटखुयाग मुंगुटुउल के साथ बाजी ड्रॉ कराई जबकि विदित ने सर्बिया की एलेक्जेंडर प्रेडके को हराकर प्रतियोगिता में अपनी सातवीं जीत दर्ज की और ओपन वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। वैशाली और विदित दोनों ने समान 8.5 अंक बनाए और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से आधा अंक के अंतर से खिताब जीते। अगले साल अप्रैल में कनाडा में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के अलावा वैशाली को 25000 अमेरिकी डॉलर (20 लाख रुपए से अधिक), जबकि विदित को 80000 अमेरिकी डॉलर (66 लाख रुपए से अधिक) का पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में दूसरा स्थान यूक्रेन की अन्ना मुज्यचुक को मिला जिन्होंने स्वीडन की अनुभवी ग्रैंडमास्टर पिया क्रैम्लिंग से ड्रॉ खेला। कैंडिडेट्स में जगह बनाने वाली दूसरी महिला खिलाड़ी तान झोंग्यी थीं जो यहां तीसरे स्थान पर रहीं।

### ग्रैंड मास्टर बनने अभी इंतजार

*वैशाली ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में उनके अलावा भारत की पहली महिला ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी के भी भाग लेने की संभावना है। हंपी अपनी ऊंची रेटिंग के कारण इस टूर्नामेंट में जगह बना सकती है लेकिन इसकी औपचारिक घोषणा जनवरी 2024 में की जाएगी। अभी वैशाली भारतीय शतरंज की नई स्टार हैं। उनकी निगाह यहां स्वर्ण पदक जीतने पर टिकी थी। ग्रैंड मास्टर की उपाधि हासिल करने के लिए उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। डी हरिका 2011 में महिला वर्ग से भारत की दूसरी ग्रैंडमास्टर बनी थी।*

# तीरंदाजीः दीपिका ने राष्ट्रीय खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते

भाषा ▶▶| पणजी (गोवा)

पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता जबकि एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया।

झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रही दीपिका ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मृणाल चौहान के साथ मिलकर मिश्रित टीम वर्ग का शीर्ष स्थान हासिल किया। फिर उन्होंने महिला टीम स्पर्धा में झारखंड को रजत पदक दिलाया जिसमें उन्हें हरियाणा से शूटआउट में हार मिली। तालिका में शीर्ष पर चल रही महाराष्ट्र, तीसरे स्थान की हरियाणा और असम ने रिकर्व स्पर्धा में अन्य स्वर्ण पदक जीते। महाराष्ट्र 68 स्वर्ण पदक लेकर तालिका में शीर्ष पर चल रहा है जबकि सेना (54) और हरियाणा (50) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

निशानेबाजी में तोमर ने सेना के नीरज कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेना के चैन सिंह ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में विजयवीर सिद्धू ने पंजाब के लिए स्वर्ण पदक जीता जबकि हरियाणा के अनीश भानवाला और आदर्श सिंह ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। जूडो में दिल्ली ने आठ में से तीन स्वर्ण पदक जीते।

### मोदी ने हॉकी टीम को दी बधाई ...

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियाई चैंपियंस ट्राफी जीतने की बधाई देते हुए 'एक्स' पर कहा, 'भारत की नारी शक्ति ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हमारी महिला हॉकी टीम को एशियाई चैम्पियंस ट्राफी 2023 में स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई। उनके शानदार कौशल, जुनून और अथक दृढ़ संकल्प ने हमारे दिलों को गर्व से भर दिया है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाने के लिए चैम्पियंस को बधाई।' भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर दूसरी बार एशियाई चैम्पियंस ट्राफी जीती।





## सेमीफाइनल में अब केवल दो स्थान बाकी बचे, मैच आज

# ऑस्ट्रेलिया को कड़ी चुनौती देगा अफगानिस्तान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अब जबकि विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ अपने अंतिम पड़ाव पर है तब ऑस्ट्रेलिया उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले मैच में मध्यक्रम की अपनी कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेगा। सेमीफाइनल में अब केवल दो स्थान बाकी बचे हैं क्योंकि भारत और दक्षिण अफ्रीका पहले ही अंतिम चार के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया की टीम अभी तीसरे स्थान पर है और कोई भी अन्य टीम उसकी सेमीफाइनल की सीट को सीधे चुनौती देने की स्थिति में नहीं दिख रही है, लेकिन पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम इस मैच में जीत दर्ज करके अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगी। यह मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा जहां बल्लेबाजों की तूती बोलती रही है। अगर गेंदबाज भी परिस्थितियों का फायदा उठाने में सक्षम हों तो उनके लिए भी यहां का विकेट मददगार है।




### कंगारू मध्यक्रम से परेशान

पांच बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की अपनी कुछ समस्याएं हैं जिनमें मध्यक्रम के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन भी शामिल है। उसकी टीम ने हालांकि लगातार पांच मैच जीते हैं जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा होगा। स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन को वनडे में दिग्गज खिलाड़ी नहीं माना जाता है लेकिन इन दोनों ने अभी तक सात मैच में केवल तीन अर्धशतक लगाए हैं तथा तीसरे और चौथे नंबर के बल्लेबाज का इस तरह का प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का विषय होगा। शीर्ष क्रम में डेविड वार्नर ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

### चार जीत से बढ़ा आत्मविश्वास

*अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभी तक जो तीन वनडे मैच खेले हैं उनमें उसे हार का सामना करना पड़ा लेकिन पिछले पांच में से चार मैच जीतने के कारण उसकी टीम का भी मनोबल बढ़ा हुआ है। अफगानिस्तान को हालांकि अपने अगले दो मैच में नेट रन रेट पर भी ध्यान देना होगा। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (282 रन), रहमत शाह (264) अजमतुल्लाह उमरजई (234), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (234) और इब्राहिम जादरान (232) ने बल्लेबाजी में जो निरंतरता दिखाई है उससे अफगानिस्तान लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार तीन मैच जीतने में सफल रहा लेकिन ऑस्ट्रेलिया का सामना करना अलग तरह की चुनौती होगी।*

# भारत से करारी शिकस्त के बाद श्रीलंका क्रिकेट प्रबंधन बर्खास्त



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

मौजूदा विश्व कप में भारत से मिली करारी हार के बाद सोमवार को श्रीलंका क्रिकेट प्रबंधन को बर्खास्त कर दिया गया। भारत ने दो नवंबर को मुंबई में खेले गए मैच में श्रीलंका को 302 रन से करारी शिकस्त दी थी। इसके बाद से ही लोगों में आक्रोश था तथा रणसिंघे शम्मी सिल्वा के नेतृत्व वाले एसएलसी प्रबंधन से त्यागपत्र देने की मांग की जा रही थी। इसके बाद ही यह कार्रवाई की गई।

इस हार के बाद से एसएलसी परिसर में कई बार प्रदर्शन किए गए और सिल्वा की अगुवाई वाले प्रबंधन से इस्तीफा देने की मांग की गई। इस कारण इमारत के बाहर पुलिस को भी तैनात किया गया। खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा की अध्यक्षता में एक अंतरिम सात सदस्यीय समिति नियुक्त की है। इस तरह से रणतुंगा की लंबे समय बाद श्रीलंका क्रिकेट में वापसी हुई है। वह इससे पहले 2008 में इसी तरह की अंतरिम समिति के अध्यक्ष थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भारत के भरोसेमंद तीन बड़े मुस्लिम देश 8 अफसरों की रद्द करवाएंगे फांसी

*कतर की राजधानी दोहा में भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई गई है। इस फैसले ने सभी को हैरान कर दिया है। इजराइल-हमास जंग से भी इस फैसले को जोड़कर देखा जा रहा है। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि वह इस पूरे मामले पर बारीकी से नजर रखे हुए है।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कतर में 8 पूर्व नेवी अफसरों की फांसी की सजा रद्द होने की उम्मीद अब बढ़ गई है। अब तक भारत निजी तौर पर कूटनीति और आर्थिक घेराबंदी करके कतर पर दबाव बना रहा था। मगर अब भारत के तीन भरोसेमंद मुस्लिम देश भी इस काम में भारत की मदद कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक ये तीन देश हैं सउदी अरब, यूएई और ओमान शामिल हैं। भारत सरकार सभी जरूरी उपाय करने के बारे में सोच रही है।

**खास बातें**

- कतर में गिरफ्तारी पर रक्षा विशेषज्ञ बोले, करेंगे कानूनी सहायता
- 8 पूर्व नेवी अफसरों की फांसी की सजा रद्द होने की अब बढ़ी उम्मीद
- तीन देशों ने की सुलह की पहल

### मोदी के खास अफसर दीपक मित्तल ढूंढ रहे समाधान

*कतर में फांसी की सजा पाने वाले भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अफसरों को वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने कमर कस ली है। प्रधानमंत्री कार्यालय में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी के पद पर तैनात भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी दीपक मित्तल को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। कतर में भारत ये राजदूत रह चुके दीपक मित्तल के रिश्ते वहां की सरकार के साथ बड़े अच्छे माने जाते हैं। इससे पहले दीपक मित्तल पाकिस्तान की जेल में बंद कुलभूषण जाधव की फांसी टलवाने में भी अहम भूमिका अदा कर चुके हैं।*



### इन अधिकारियों पर जासूसी के लगे हैं आरोप

भारतीय नौसेना के सभी 8 पूर्व अधिकारी कतर में एक निजी फर्म के लिए काम कर रहे थे। अगस्त 2022 से कतर की जेल में केप्टन बीके वर्मा, कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर सुगुनाकर पकाला, कमांडर अमित नागपाल, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कमांडर संजीव गुप्ता और सेलर रागेश। इन सभी को जासूसी के आरोप में हिरासत में लिया गया।

## सउदी अरब, यूएई और ओमान के राष्ट्राध्यक्षों ने उठाया सख्त कदम

### कतर के साथ भारत के कूटनीतिक रिश्ते अच्छे

इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में कतर की अदालत ने भारत के 8 पूर्व नौसेना अधिकारियों को फांसी की सजा सुनाई है। ये खबर ना सिर्फ भारतवासियों के लिए चौंकाने वाली है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर के लिए भी हैरानी भरी है। दरअसल कतर के साथ भारत के कूटनीतिक रिश्ते काफी अच्छे माने जाते हैं। यही वजह है कि कूटनीतिक गलियारों में उम्मीद जताई जा रही है कि मोदी सरकार अपने नागरिकों को बचाने का कोई राजनीतिक रास्ता जरूर खोज लेगी। वैसे विदेश मंत्रालय ने एक जारी बयान में कहा है कि कतर में फंसे इन आठ भारतीयों की हर संभव मदद की जाएगी।

### इजराइल-हमास जंग के बीच कतर के इस फैसले पर उठे सवाल

क्या इजराइल का साथ देने की वजह से कतर की ओर से इतनी जल्दबाजी में यह फैसला हुआ। यह सवाल उठना लाजमी है। कतर की ओर से काफी सख्त लहजे में इजराइल को गाजा पर हमला रोकने के लिए कहा गया है। कतर की ओर से कहा गया कि वह बिना रोकटोक लोगों को मारने की इजाजत नहीं दे सकता। कतर के शासक की ओर से कहा गया है कि गाजा में बहुत खून बह चुका है और इजराइल को इस तरह के कत्लेआम की इजाजत नहीं दी जा सकती। पूर्व अधिकारियों की जिस प्रकार सजा सुनाई गई है उसके पीछे कहीं न कहीं इजराय0इल-हमास जंग भी है।

**खबर संक्षेप**

### आर्मी कैंप पर हमले के मास्टरमाइंड की मिली लाश



**मुजफ्फराबाद।** 2018 में जम्मू में आर्मी कैंप पर हमले का मास्टरमाइंड पीओके में उसके घर में मृत पाया गया है। मृतक की पहचान ख्वाजा शाहिद के रूप में हुई है। ख्वाजा शाहिद की सिर कटी लाश मिली है। मृत पाया गया आतंकी लश्कर ए तैयबा का कमांडर था और साल 2018 में जम्मू के सुंजवान स्थित सेना के कैंप पर हमले के मास्टरमाइंड में से एक था। हमले में आतंकियों ने एके-47 राइफल्स, ग्रेनेड के साथ आर्मी कैंप पर हमला किया था।

### 2030 तक पुतिन बने रहेंगे रूस के राष्ट्रपति!



**नई दिल्ली।** रूस में अगले साल मार्च में राष्ट्रपति चुनाव होने जा रहे हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। अगर वह चुनाव जीतते हैं तो 2030 तक राष्ट्रपति पद पर बने रहेंगे। क्रेमलिन का कहना है कि ऐसे समय में जब यूक्रेन और रूस का युद्ध जारी है। पुतिन का राष्ट्रपति पद पर बने रहना जरूरी है। पुतिन पहली बार 1999 में रूस के राष्ट्रपति बने थे। पुतिन दरअसल जोसेफ स्टालिन के बाद किसी अन्य रूसी शासक की तुलना में लंबे समय तक देश के राष्ट्रपति पद पर रहे हैं।

### खुले में नमाज पर फ्रांस में विवाद, भड़के लोग



**पेरिस।** फ्रांस के चार्ल्स डि गॉले एयरपोर्ट में नमाज पढ़े जाने को लेकर विवाद हो गया है। सोशल मीडिया पर नमाज पढ़े जाने के बाद लोग पूछ रहे हैं कि क्या एयरपोर्ट अब बदलकर मस्जिद बन गया है? यह मामला सामने आने के बाद फ्रांस सरकार ने कार्रवाई की बात कही है। फ्रांस के परिवहन मंत्री क्लीमेंट बिउने ने सोशल मीडिया पर लिखा कि एयरपोर्ट अथॉरिटी की यह जिम्मेदारी है कि वह नियमों का पालन करें।

### नाइजीरिया ने भारत को दिया बड़ा झटका



**अबूजा।** जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत संग दोस्ती बढ़ाने का वादा करने वाले अफ्रीकी देश नाइजीरिया ने बड़ा झटका दिया है। नाइजीरिया की सेना ने बोको हरम उग्रवादियों से निपटने के लिए पाकिस्तान के दोस्त तुर्की से हाथ मिलाया है। नाइजीरिया की सेना ने तुर्की से अटैक हेलीकॉप्टर टाई टी -129 अटेक खरीदा है। नाइजीरिया को दो अटैक हेलीकॉप्टर मिल भी गए हैं। इससे पहले नाइजीरिया ने भारत के प्रचंड और ध्रुव हेलीकॉप्टरों में रुचि दिखाई थी।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फोन पर की ईरानी विदेश मंत्री से बात

# गाजा में लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने की आवश्यकता पर दिया गया बल

*इज़राइल-हमास संघर्ष पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष हुसैन अमीर अब्दोलाहियान से पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति पर चिंता जताई।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने समकक्षी ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दोलाहिया से 5 नवंबर को इज़राइल-हमास में तनाव को रोकने की आवश्यकता पर बातचीत की। भारत ने इजराइल पर हमास के हमलों की निंदा की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति पर चिंता जताई और चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने स्थिति को और अधिक बिगड़ने से बचाने और मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया।

**खास बातें**

- इज़राइल-हमास में तनाव को रोकने की आवश्यकता पर फोकस
- इजराइल पर हमास के हमलों को आतंकवादी कृत्य बताते हुए की निंदा
- संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की
- एक दिन पहले जयशंकर ने इजराइली विदेश मंत्री कोहेन से की थी बातचीत

दोनों मंत्रियों ने स्थिति को और अधिक बिगड़ने से बचाने और मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए प्रयासों के महत्व पर चर्चा की। संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की।



### पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति पर व्यक्त की चिंता

एस जयशंकर ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल एक्स पर एक पोस्ट में साझा किया। जिसमें बताया कि आज ईरानी विदेश मंत्री अमीराबदोलाहियान से बात हुई। पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता पर चर्चा की। तनाव को रोकने और मानवीय सहायता प्रदान करने के महत्व से अवगत कराया। संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की।

## 31 दिनों की जंग से हालत बदतर: 10 हजार से ज्यादा मौतें, 15 लाख हुए बेघर

इजराइल-हमास युद्ध को आज 31 दिन बीत गए हैं। इस युद्ध में अब तक 10 हजार से भी ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। 7 अक्टूबर को फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने जमीन, समुद्र और आसमान से एक साथ अचानक इजराइल में घुसकर पहला हमला किया था। हमास के इस हमले में 1400 इजराइली नागरिक मारे गए और 240 लोगों को बंधक बना लिया गया। इजराइल ने भी इसके बाद हमास को चेतावनी दी कि या तो वो युद्ध करें या फिर शांति से सरेंडर कर दे। इसके बाद इजराइल ने हमास पर जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा पट्टी पर अनगिनत बम बरसाए, जिसमें 9500 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए।



### सीजफायर की संभावना नहीं

इजराइल के पीएम साफ कर चुके हैं कि जब तक हमास 240 बंधकों को रिहा नहीं करते, तब तक सीजफायर नहीं होगा। गाजा में हमलों के बाद से बिजली ठप हो गई है और इजरायल ने अस्पतालों और घरों के लिए इमरजेंसी जनरेटर को बिजली देने के लिए आवश्यक ईंधन पर भी रोक दिया है। वहीं, दुनियाभर में गाजा पर हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा रहेगी सुरक्षित

# बीएसएफ की टीम करेगी सीमा पर मधुमक्खीपालन



*केंद्र सरकार के 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' की पहल*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-बांग्लादेश की सीमा को सुरक्षित करने के लिए सीमा सुरक्षा बल ने मधुमक्खीपालन की एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। पश्चिम बंगाल के कादीपुर गांव में शुरू किए गए इस पायलट प्रोजेक्ट में मधुमक्खियां बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों और तस्करों को रोकने के लिए 'मधुमक्खी योद्धा' के रूप में काम करेंगी। बीएसएफ की 32वीं बटालियन का यह प्रयास सीमावर्ती क्षेत्रों में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मधुमक्खीपालन और औषधीय पौधों की खेती की संयुक्त योजना का एक हिस्सा है। इससे लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। यह योजना केंद्र सरकार के 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के अनुरूप है। सुरक्षा बाड़ लगाने के साथ जमीन से ऊपर रखते हुए मधुमक्खी के बक्से भी लगाए जाएंगे।

### मददगार हैं मधुमक्खियां

मधुमक्खियाँ दुनिया भर में फलों, सब्जियों और मेवों सहित लगभग सभी फसलों के परागण के लिए जिम्मेदार हैं। एक अनुमान के मुताबिक मधुमक्खियों के बिना, वैश्विक फसल की पैदावार 35 प्रतिशत तक कम हो सकती है। हाल ही में कादीपुर गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में ग्रामीणों को कुछ औषधीय पौधे भी वितरित किए गए और बटालियन कमांडर को चार मधुमक्खी बक्से भेंट किए गए, जिन्हें स्मार्ट बाड़ के एक हिस्से पर उचित व्यवस्था के साथ स्थापित किया गया है। कार्यक्रम में बटालियन कमांडर ने ग्रामीणों को सीमावर्ती इलाकों से लड़कियों और महिलाओं की तस्करी के विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी दी और उन्हें सतर्क रहने के लिए भी कहा।

### अवैध घुसपैठ पर लगेगी लगाम

भारत-बांग्लादेश सीमा पर मानव तस्करी और प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी प्रमुख मुद्दों में से एक है। तस्कर अपनी अवैध गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने के लिए सीमा बाड़ को काट देते है। उम्मीद है कि इस पहल से कुछ हद तक इस समस्या का भी समाधान हो पाएगा और इससे सीमा के पास के गांवों में रहने वाले लोगों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

### अटैक हेलिकॉप्टर 'रूद्रा' ने परीक्षण के लिए भरी उड़ान



**नई दिल्ली।** भारत की दो सेनाओं के पास देश का पहला स्वदेशी हेलिकॉप्टर रुद्र है। भारतीय सेना के स्पीयर कॉर्प्स ने इस हेलिकॉप्टर में लगे नए जेनरेशन के हथियारों का परीक्षण किया। सभी हथियारों से सटीकता से निशाना लगाया। भारतीय सेना के पास 75 और वायुसेना के पास 16 रुद्र हेलिकॉप्टर हैं। यह हथियारबंद यूटिलिटी हेलिकॉप्टर है। इसे दो पायलट उड़ाते हैं। 12 जवान बैठ सकते हैं। 52.1 फीट लंबा, 10.4 फीट चौड़ा और 16.4 फीट ऊंचा रुद्र 280 किमी प्रतिघंटा की अधिकतम गति से उड़ सकता है।

# 15 नवंबर से देशभर में दौड़ेंगे मोदी-रथ

## जनहित योजनाओं से आमजन को सीधे कनेक्ट करने की बड़ी तैयारी, नौकरशाह फौजफाटे के साथ करेंगे राज्यों का दौरा

शिशिर सोनी ⏭ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

मप्र, राजस्थान और तेलंगाना विस चुनाव से पहले और छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण चुनाव के एनवक्त पर केंद्र सरकार मोदी सरकार की 'ब्रांडिंग' की बड़ी तैयारी है। आगामी 15 नवंबर से देशभर में मोदी सरकार की जनहित योजनाओं का जोर-शोर से बेहद आक्रामक शैली में प्रचार-प्रसार शुरू होने जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा बन गई है। कार्यक्रम का नाम होगा 'विकसित भारत'।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के वृहत प्रचार का तानाबाना बुना गया है। मोदी सरकार ने देश की आजादी के सौ साल पूरे होने पर 2047 तक देश को पूर्णतः विकसित बनाए जाने की रूपरेखा बनाई है, मगर मोदी सरकार के रणनीतिकारों को लगता है कि जब महत्वपूर्ण कांग्रेस शासित राज्यों में विस चुनाव हैं और सभी चुनावी राज्यों में भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही प्रमुख चेहरा बनाया गया है। पीएम मोदी के कामकाज और उनकी गारंटी के नाम पर विधानसभा में वोट मांगे जा रहे हैं। लिहाजा रणनीति बनाई गई है कि चुनावी राज्यों से इतर, बाकी राज्यों में केंद्र सरकार की सभी जनहितकारी योजनाओं के ताबड़तोड़ प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की जाए। मेन-स्ट्रीम मीडिया के माध्यम से ऐसा 'सियासी समां' बांधा जाए कि आमजन के अलावा छग, मप्र, राजस्थान और तेलंगाना के वोटर्स को रिझाया जा सके।

जाहिर है कि चुनावी राज्यों में आचार संहिता लगे रहने के वजह से वहां रथ के रूप में परिणत की जा रही विकसित भारत के प्रचार की गाड़ी नहीं दौड़ नहीं सकेगी। चुनावी राज्यों में चुनाव परिणाम आने के बाद 8 दिसंबर से केंद्र सरकार के कामकाज के प्रचार के लिए तैयार किया गया विशेष रथ सड़क नापता नजर आएगा।

दरअसल, इस रणनीति को तैयार किया गया था कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जमीन पर उतारा जाएगा, लेकिन अंतिम समय में रणनीति बदली गई। केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ नौकरशाह को पूरे अभियान के संयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। विभिन्न राज्यों में योजना के बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए भिन्न-भिन्न विभागों के तेजतर्रार अधिकारियों को प्रशिक्षित कर उतारने की तैयारी है। मतलब सीधा है, केंद्र सरकार अपने कामकाज के हिसाब-किताब के साथ आम जनता तक सीधे पहुंच कर बताना चाहती है कि कैसे 2047 तक भारत एक विकसित देशों की फेहरिस्त में शुमार होगा!

### ...तो पत्रकार की भूमिका में होंगी स्मृति ईरानी

ये आकाशवाणी है आप सुन रहे हैं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी विशेष शो। कुछ ऐसी ही आवाज आपके रेडियो से आने वाली है। स्मृति ईरानी पत्रकार की नई भूमिका में होंगी। अगले हफ्ते तक रेडियो शो के लिए एंकरिंग करती नजर आएंगी। केंद्र की मोदी सरकार ने देश की महिलाओं की उन्नति, प्रगति, आर्थिक विकास और उनमें आत्मविश्वास बहाल करने के लिए पिछले 9 सालों में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से क्या-क्या कदम उठाए। इस सवाल का जवाब अन्य केंद्रीय मंत्रियों से लेती नजर आएंगी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी। ऑल इंडिया रेडियो विशेष कार्यक्रम के प्रसारण की तैयारी कर रहा है। पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमन सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से महिलाओं के लिए जारी केंद्रीय बजट के प्रावधानों और योजनाओं और जहां सवाल जवाब होंगे, वहीं बीच-बीच में सुरमयी गीत संगीत को भी पिरोकर कार्यक्रम को रुचिकर बनाने पर काम चल रहा है। मोदी सरकार के नेतृत्व में 'विकसित भारत योजना' के प्रचार-प्रसार का ये बिल्कुल जुदा, क्रिएटिव और अनूठा प्रयोग होगा। श्रोता रेडियो के जरिए कार्यक्रम से जुड़ें, इसके लिए कार्यक्रम के प्रचार के लिए सोशल मीडिया का उपयोग किया जाएगा।

## भूकंप से नेपाल में तबाही: मदद के लिए भारत आया आगे, भारतीय राजदूत ने उपप्रधानमंत्री को सौंपी सामग्री

# तंबू, कंबल, तिरपाल, दवाइयों समेत 11 टन सामग्री की पहली खेप भेजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने एक बार फिर एक आदर्श पड़ोसी धर्म निभाया है। भारत की तरफ से आवश्यक राहत सामग्रियों की पहली खेप नेपाल पहुंच गई है। 11 टन से अधिक की सामग्री में टेंट, दवाईयों के अलावा दैनिक उपयोग की वस्तुएं हैं।*

नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने एक बार फिर एक आदर्श पड़ोसी धर्म निभाया है। भारत ने संकट के समय नेपाल के लिए विभिन्न प्रकार की राहत सामग्री भेजी है, जिसमें में तंबू, कंबल, तिरपाल के साथ-साथ आवश्यक दवाईयां और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं। पीएम मोदी ने भूकंप प्रभावितों की हर संभव मदद की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। आने वाले दिनों में भारत और राहत सामग्री भेजेगा। दरअसल 3 नवंबर को नेपाल में शुक्रवार आधीरात से ठीक पहले आए 6.4 तीव्रता वाले भूकंप के तेज झटकों के कारण सुदूर पर्वतीय क्षेत्र के जाजरकोट और रूकुम पश्चिम जिले में भारी तबाही हुई है। नेपाल के जाजरकोट और रूकुम पश्चिम के भूकंप प्रभावित लोगों की मदद के लिए भारत सरकार ने 11 टन सामान भेजा है। राहत सामग्री लेकर भारतीय वायुसेना का विशेष विमान रविवार को नेपालगंज विमानस्थल पर पहुंचा।

**खास बातें**

- पीएम मोदी ने भूकंप प्रभावितों की हर संभव मदद की प्रतिबद्धता व्यक्त की
- भारत ने एक बार फिर एक आदर्श पड़ोसी धर्म निभाया
- राहत सामग्रियों की पहली खेप रवाना
- आने वाले दिनों में भारत और राहत सामग्री भेजेगा

### आवश्यक राहत सामग्रियों की पहली खेप पहुंची नेपाल




भारत सरकार की तरफ से भेजी गई राहत सामग्री नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने उपप्रधानमंत्री पूर्ण बहादुर खड़का को सौंपी। राहत सामग्री ग्रहण करते हुए खड़का ने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संकट के समय भारत की तरफ से भेजी गई यह राहत सामग्री भूकंप पीड़ितों के लिए काफी मददगार साबित होगी। वहीं भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि आज भारत की तरफ से आवश्यक राहत सामग्रियों की पहली खेप आई है। 11 टन से अधिक की सामग्री में टेंट, दवाईयों के अलावा दैनिक उपयोग की वस्तुएं हैं। भारतीय राजदूत ने कहा कि कल दूसरी खेप आएगी, जिसमें खाद्य सामग्री और अन्य वस्तुएं होंगी।

### भूकंप से नेपाल के सात जिले बुरी तरह प्रभावित

गौरतलब हो कि भूकंप से सात जिला प्रभावित हुए हैं। सबसे अधिक नुकसान जाजरकोट और रूकुम पश्चिम जिले में हुआ है। इनमें रूकुम पश्चिम जिले के आठबिसकोट नगर पालिका क्षेत्र में भारी तबाही हुई है। घर मिट्टी में मिल गए हैं। नेपाली गृहमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने विपदा व्यवस्थापन समिति की बैठक के बाद कहा कि मृतकों के आश्रितों को 2-2 लाख रुपए, ध्वस्त घरों की भरपाई के लिए प्रत्येक परिवार को तीन लाख रुपए दिए जाएंगे। फौरी तौर पर सभी पीड़ित परिवारों को 50-50 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com